डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

वर्ष : 09 > अंक : 33 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

साप्ताहिक समाचार | मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

अच्छे या बुरे कर्म का प्रतिफल देर-सवेर मिलता ही है।
-शालिनी श्रीवास्तव

जयपुर, मंगलवार, 14 फरवरी 2023

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

website: www.hsnews.in



(मेहनत रंग लाई) | अब जेडीए से है जंग पीआईएल के संग

# गोपालपुरा बायपास स्पेशल प्रोजेक्ट डेवलपमेंट प्लान के विरुद्ध राजस्थान हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

## 8 फरवरी 2023 को सम्बंधित विभागों में राजस्थान हाईकोर्ट ने जारी किए नोटिस चार सप्ताह बाद होगा जवाब-तलब



**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने गत वर्ष में गोपालपुरा बाईपास के इर्द-गिर्द स्थित आवासीय भूखंडों व भवनों को स्पेशल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत कमर्शियल पट्टे देने का निर्णय लिया

गोपालपुरा बायपास स्पेशल प्रोजेक्ट डेवलेपमेंट प्लान के क्रियान्वयन की ख़बर 28 अगस्त 2022 को सार्वजनिक की गई और जनवरी 2023 को इसके विरुद्ध मेरे द्वारा जनहित याचिका दायर कर दी गयी। हिलव्यू समाचार लगातार 7-8 माह इस अन्याय के विरुद्ध आवाज़ बनकर खड़ा रहा है।

जो यहाँ के आम नागरिकों के हित को प्रभावित करते हैं ।

ऐसे में अगर आवासीय में अवैध कमर्शियल निर्माण करने वाले बिल्डिंग मालिकों या व्यापारियों को स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत गली निकालकर राहत देना आम जनता के साथ धोखाधड़ी है क्योंकि आम जनता एक ईंट अपनी मर्ज़ी से घर के बाहर नहीं लगा सकती और यहाँ मंज़िल-दर-मंज़िल बिना संबंधित विभाग,जेडीए या निगम स्वीकृति बनकर खड़ी हो गईं। पार्किंग का प्लान नहीं करने से सड़क पार्किंग के नाम पर घिर गई। 95% बिल्डिंग ज़ीरो सेटबैक पर बनी हुई हैं।अतः जनहित को मध्यनज़र रखते हुए जनहित याचिका लगाई गई।

**जनहित से संबंधित किसी भी मुद्दे के लिए संपर्क करे: 7976561127**



जयपुर विकास प्राधिकरण ने मास्टर प्लान 2025 को परे रखकर गोपालपुरा बायपास पर 200 मीटर से अब 160 मीटर रह गयी सड़क के दोनों और 72-72 मीटर तक स्थित आवासीय भूखंडों का लैंड यूज चेंज कर कमर्शियल पट्टे दिए जाने का निर्णय लिया गया है इससे गुर्जर की थड़ी से टोंक रोड तक 700 आवासीय भूखंड और आवासीय बिल्डिंग्स का कमर्शियल नियमन किया जाना स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के माध्यम से निश्चित किया गया जो कि कुछ व्यापारियों को लाभ देकर आम जनता के साथ धोखा है। जनता के हित व अधिकार इस प्रोजेक्ट से प्रभावित होते हैं जो लोकतांत्रिक वातावरण को प्रभावित करते है।



**इस केस में जनहित हेतु पैरवी कर रहे उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनोद सिंघल ने बताया कि-**

जेडीए कुछ निर्देशों व नियमों की शिथिलता के साथ गोपालपुरा बायपास पर बिल्डिंग बायलॉज के विरुद्ध बनी हुई बहुमंज़िला ज़ीरो सेटबैक अवैध आवासीय बिल्डिंग्स को भी कमर्शियल पट्टे जारी करने की तैयारी कर रहा है यह आम जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है कि जेडीए ख़ुद जनता के लिए बिल्डिंग बायलॉज के नियम बनाये फिर ख़ुद ही स्पेशल डवलेपमेंट प्रोजेक्ट की आड़ में अवैध बिल्डिंग मालिकों व व्यापारियों को राहत दे,यह कैसे संभव है?

**गोपालपुरा बायपास पर अवैध रूप से बनी ज़ीरोसेट बैक की आवासीय बिल्डिंग्स व बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करने वाली इन बिल्डिंग्स का नियमन करना सरकार व जेडीए का ग़लत फ़ैसला है जो जनहित के विरुद्ध है।**

आवासीय मकानों में पीजी हॉस्टल्स,कैफ़े, होटल खुल गए हैं

**यक्ष प्रश्न और पीआईएल की सबसे बड़ी वजह: जो बिल्डिंग बायलॉज के नियम जेडीए ने ख़ुद बनाए हैं वो जेडीए स्वयं कुछ व्यापारियों के हित में फ़ैसला लेकर बिल्डिंग बायलॉज के विरुद्ध जाकर सभी आवासीय भूखण्डों पर बनी अवैध कमर्शियल बिल्डिंग को नियमन कर कमर्शियल पट्टे जारी करने की तैयारी कर रहा है?**

## हिलव्यू समाचार के 7-8 माह में निरन्तर प्रयास एक नज़र में

- बिल्डिंग बायलॉज के विरुद्ध बनी सभी बिल्डिंग्स आवासीय भूखण्ड पर कमर्शियल बनी हुई हैं जो कि नियम के विरूद्ध है।
- ज़्यादातर बिल्डिंग्स में प्रवेश और प्रस्थान के लिए दो गेट नहीं है।
- फायर एनओसी नहीं है।
- बिल्डिंग बायलॉज के विरुद्ध बने व बसे गोपालपुरा बायपास का निरन्तर दौरा किया।
- आसपास के रहवासियों के मन की आवाज़ सुनी उनसे फ़ीडबैक लिए।
- मुख्य मार्ग गोपालपुरा बायपास से गुज़रने वाले वाहनों का कवरेज़ किया।
- ट्राफ़िक की स्थिति जानने के लिए घँटों गोपालपुरा बायपास की सड़क पर कवरेज़ बनाया।
- कोचिंग्स के प्राइम टाइम और ट्रेफ़िक की स्थिति का आंकलन किया।
- अधिकाँश कोचिंग्स की रैकी कर उनकी भवन स्थिति का बारीक़ी से मुआयना किया।
- ज़्यादातर कोचिंग कोचिंग बायलॉज के विरुद्ध संचालित हैं।
- हर समय का फ़ोटो, वीडियो और कवरेज़ कर लोगों की परेशानियों से रूबरू हुए।


## शासन-प्रशासन से लगातार संपर्क

शासन और प्रशासन को लगातार चेताया गया। लगातार विभागों में संपर्क साधा गया,मौखिक व लिखित दोनों तरह से आपत्तियाँ व शिक़ायतें दर्ज की जाती रहीं जिसकी एक प्रतिछाया यहाँ दी गयी है। पुनः स्मरण पत्र लिखे गए। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल,आयुक्त रवि जैन जयपुर विकास प्राधिकरण से लगातार संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन ढाक के तीन पात वाली कहावत लागू हुई।

व्यापारियों से शासन-प्रशासन की मिलीभगत व आपसी सहमति मात्र चंद व्यापारियों को लाभ देने तक सीमित थी अतः किसी भी तरह की शिक़ायत या आपत्ति को दरकिनार किया गया और फाइलों में दबा दिया गया लेकिन जितनी आवाज़ दबाने की कोशिश की गई उतने ही इरादे बुलंद और आवाज़ मुखर होती चली गयी। आवाज़ और हौसलों ने न्यायालय के आँगन को गुंजायमान कर अपनी आपत्ति पीआईएल के रूप में दर्ज कर ही दी और इस तरह सरकार व उसके अधीन विभाग जेडीए के नियमों के विरुद्ध जाने वाले क़दमों में बेड़ी डालने का समय अब शुरू हो गया है। न्यायालय के फ़ैसले पर पूरी उम्मीद है आमजन को न्याय मिलेगा और यह एक तरफ़ा प्रोजेक्ट रिजेक्ट किया जाएगा।

**राजस्थान हाईकोर्ट ने पिटीशन स्वीकार कर सम्बंधित विभागों को जवाब के साथ चार सप्ताह बाद तलब किया है-**

- मुख्य सचिव राजस्थान सरकार
- प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग
- प्रमुख सचिव स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग
- सचिव जयपुर विकास प्राधिकरण
- आयुक्त नगर निगम ग्रेटर
- जिला कलेक्टर जयपुर
- पुलिस कमिश्नर जयपुर



HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

D.B. (Public Interest Litigation) Petition No. 2437/2023

Shalini Shrivastava ----Petitioner

Versus

The State Of Rajasthan & Others. ----Respondents

For Petitioner(s) : Mr. Vinod Kumar Singhal Advocate.
For Respondent(s) : Mr. Anil Mehta, Additional Advocate General with Mr. Prawal Mishra Advocate and Mr. Yashodhar Pandey Advocate.

HON'BLE THE ACTING CHIEF JUSTICE MR. MANINDRA MOHAN SHRIVASTAVA
HON'BLE MR. JUSTICE ANIL KUMAR UPMAN

Order

08/02/2023

Heard.

Mr. Anil Mehta, Additional Advocate General enters appearance and takes notice on behalf of the respondents and prays for time to file reply.

Prayer is allowed.

Four weeks time is granted to learned Additional Advocate General to file reply.

Matter be listed after four weeks.


(ANIL KUMAR UPMAN),J (MANINDRA MOHAN SHRIVASTAVA),ACTING CJ

SANJAY KUMAWAT-10


राजस्थान सरकार से जवाब हेतु राजस्थान हाईकोर्ट ने जारी किए। नोटिस 8 फरवरी 2023

**लगातार प्रोजेक्ट के जनहित के विरुद्ध होने की सूचनाएँ व आपत्तियाँ भेजीं जाती रहीं, सुनवाई न होने पर राजस्थान हाईकोर्ट में गुहार लगाई गई...पीआईएल से पूर्व निम्न जिम्मेदार मंत्रियों व अधिकारियों को लगातार पत्र लिखे गए।**

- राज्यपाल कलराज मिश्र
- मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार
- चीफ़ जस्टिस जयपुर हाईकोर्ट
- चीफ़ जस्टिस जोधपुर हाईकोर्ट
- यूडीएच मंत्री राजस्थान सरकार
- मुख्य सचिव राजस्थान सरकार
- ज़िला कलेक्टर,जयपुर
- पुलिस कमिश्नर राजस्थान
- संभागीय आयुक्त,जयपुर
- आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण



श्रीमान अशोक गहलोत,
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार



(2)

अर्थात यह निर्णय भवन मालिकों व कोचिंग संचालकों,होटल व्यवसायियों, शराब के व्यापारियों के दु:साहस को और बढ़ावा देने वाला सिद्ध होगा।

जेडीए के इस निर्णय को पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

सुप्रीम कोर्ट 2016 के आदेशानुसार कोचिंग संस्थान आवासीय या मुख्यमार्ग की अपेक्षा इंस्टीट्यूशनल एरिया या कमर्शियल एरिया में होने चाहिए इसीलिए लालकोठी से कोचिंग संस्थान हटाने का आदेश हुआ था।

ध्यान में लाना चाहूँगी कि आवासन मण्डल द्वारा प्रतापनगर में कोचिंग हब बनाया गया है जहाँ इन कोचिंग संस्थानों को शिफ्ट किया जा सकता है और अन्य व्यवसाय जो कि इनसे प्रभावित हो रहे हैं वो नहीं होंगे। कृपया जेडीए द्वारा मुख्यमार्ग गोपालपुरा के कमर्शियल पट्टा वितरण के निर्णय को निरस्त किया जाए। और बल्कि गोपालपुरा बाईपास पर चल रहे कोचिंग संस्थानों को नोटिस देकर खाली करवाया जाए और उन्हें कमर्शियल या इंस्टीट्यूशनल एरिया में शिफ्ट करने का आदेश दिया जाए। मुख्यमार्ग गोपालपुरा कमर्शियल पट्टा वितरण एक जनहित के विरुद्ध ,अनैतिक व अतर्कसंगत निर्णय है।

धन्यवाद

25/8/22
शालिनी श्रीवास्तव
C-2,अरिया रेजिडेंसी,फ्लैट न.201,
आदर्शनगर,न्यू राजापार्क,
पिंक स्कवायर मॉल के सामने
जयपुर,-302004 राजस्थान
संपर्क :7976561127,9460678701

प्रतिलिपि सूचनार्थ-विचार एवम निर्णय हेतु प्रेषित -
1. श्रीमान कलराज मिश्र, माननीय राज्यपाल, राजस्थान सरकार
2. श्रीमान अशोक गहलोत,माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार
3. श्रीमान शांति धारीवाल, माननीय यूडीएच मंत्री, राजस्थान सरकार
4. श्रीमती उषा शर्मा, माननीया मुख्य सचिव,राजस्थान सरकार
5. श्रीमान रवि जैन आयुक्त,जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर (राजस्थान)

## ख़बर-बेख़बर

# क्यों....34 वर्षों से स्थायी मेहमान हैं प्रशासनिक अधिकारी महेश चंद मान ?



**1989 से आज तक विभागों की मलाईदार पोस्टों पर लगातार राजधानी जयपुर में ही बने हुए हैं महेशचंद मान उपायुक्त मालवीयनगर जोन नगर निगम ग्रेटर?**

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** राज्य सरकार ने गत शनिवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इसके तहत राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 155 अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए। कई जिलों के एडीएम, एसडीएम और नगरीय निकायों के अधिशाषी अधिकारी एवं आयुक्त,उपायुक्त बदले दिए गए। इनमें से कई अधिकारियों का विभाग ही नहीं बदला गया है बल्कि शहर भी बदल दिए गए हैं।

ऐसे में उपायुक्त मालवीयनगर जोन नगर निगम ग्रेटर महेशचंद मान 1989 से लगातार राजधानी जयपुर में ही जमे हैं। प्रथम पोस्टिंग 1989 से आज फ़रवरी 2023 तक जयपुर शहर से बाहर इनका स्थानांतरण राज्य के अन्य शहर में नहीं हुआ.... क्यों?

आख़िर क्या वजह है कि कुछ आरएएस अधिकारियों के मात्र विभाग बदले जाते हैं मगर शहर कभी नहीं जबकि स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रदेश स्तर पर होनी चाहिए।लगातार 34 वर्ष तक एक अधिकारी का, एक ही शहर या उसके आसपास के क्षेत्रों में बने रहना उसकी साख को आम जनता में पुख़्ता कर देता है और इस तरह आसानी से नैतिक और मौलिक मूल्यों का हनन होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं क्योंकि सम्बंधों के जाल में सब संभव होने लगता है। राजस्थान सरकार को चाहिए कि प्रशासनिक अधिकारियों के स्थानांतरण से पूर्व उनकी प्रोफ़ाइल पर एक बार नज़र अवश्य डाले ताकि संज्ञान में आ सके कि कोई भी प्रशासनिक स्तर का अधिकारी एक ही शहर में पोस्टिंग का सिरमौर न बने। समय-समय पर इनकी प्रोफ़ाइल अवश्य सामने आनी चाहिए। अगर अधिकारी बेहद संजीदा,क़ाबिल और परिणामों को देने वाला है तो उनकी सेवाओं का लाभ राज्य के अन्य शहरों को भी मिलना चाहिए और अगर अधिकारी की पृष्ठभूमि कमज़ोर है तो भी उनके अनुभव को बढाने के लिए उन्हें नए शहर के नए टॉस्क दिए जाते रहने चाहिए ताकि उनकी सेवाओं का सही लाभ लिया जा सके। स्थानांतरण की यह नीति केवल नैतिक या मौलिक रूप से ही नहीं प्रशासनिक तौर पर भी बेहद ज़रूरी विषय है कि स्थानांतरण केवल इस विभाग से उस विभाग में नहीं बल्कि इस शहर से उस शहर भी होना ज़रूरी है.....क्योंकि आम जनता सब जानती बूझती और समझती है।

## हिलव्यू समाचार की ख़बर का असर

# होटल ग्रीन विला के 900 वर्ग ग़ज़ अतिक्रमण पर जेडीए ने गिराई गाज

**मंगलविहार-गंगाविहार में गोपालपुरा बायपास व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनी होटल ग्रीन विला के मालिक पवन गोयल के द्वारा किये गए अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर 13 फरवरी 2023 को चल गया बुलडोज़र...**

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** गंगा विहार व मंगल विहार के बीच नाले के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर अवैध रूप से होटल ग्रीन विला बनी हुई है। गोपालपुरा बायपास व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन गोयल ग्रीन विला होटल के मालिक हैं। इसी प्रभाव के चलते उनके द्वारा ईंटों की दीवार से बाउंड्री बनाकर गंगा विहार मंगलविहार के बीच



अब दीवार धराशायी...

जेडीए के जोन 5 में गंगाराम नगर एवं मंगल विहार के मध्य स्थित जेडीए स्वामित्व की 900 वर्गग़ज़ जमीन जिसकी बाज़ार क़ीमत बाजार 9 से 10 करोड़ बताई जा रही है उसे जेडीए द्वारा 13 फ़रवरी 2023 को होटल ग्रीन विला से मुक्त करा लिया अब प्रश्न है कि अवैध रूप से नाले के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर बनी होटल ग्रीन विला पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कब करेगा जयपुर विकास प्राधिकरण?

सरकारी ज़मीन जो कि होटल ग्रीन विला के सामने स्थित है उस पर ग्रीन विला ने ईंटों की दीवार से बाउंड्री वॉल बना कर कब्जा कर लिया था। इस कब्ज़े यानी अतिक्रमण को 13 फरवरी 2023 को यानी कल जेडीए ने गिरा दिया।

हालांकि ग्रीन विला की अवैध व नाले पर अतिक्रमण कर बनाई गई बिल्डिंग पर पवन गोयल के राजनैतिक रसूख़ व दबदबे के चलते अब तक ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जेडीए ने नहीं की है। क्यों नहीं की है इसके लिए जल्द जेडीए प्रवर्तन अधिकारी रघुवीर सैनी से संपर्क किया जाएगा।

हिलव्यू समाचार लगातार प्रकाशित कर रहा है कि पवन गोयल के हौसले किस क़दर बुलंद हो रहे हैं कि लगातार उनकी अवैध बिल्डिंग व अतिक्रमण बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि जेडीए द्वारा कल पवन गोयल के घमण्ड की एक दीवार ढहा दी गयी है, अब देखना ये है कि नाले के बहाव क्षेत्र पर अतिक्रमण कर बनी अवैध ग्रीन विला होटल की बिल्डिंग पर बुलडोज़र कब चलेगा? गौरतलब बात है कि-

- इस पर बिल्डिंग पर कहीं भी ग्रीन विला होटल शाइन बोर्ड अंकित नहीं?
- न ही मुख्य मार्ग,गली या मोड़ पर कोई लोकेशन बोर्ड लगा है?
- ग्रीन विला का अस्तित्व क्या है कोई नहीं जानता?
- क्या वजह है कि ग्रीन विला मालिक पवन गोयल अपनी इस होटल ग्रीन विला की पब्लिसिटी नहीं करते?
- क्या वजह है कि पवन गोयल ग्रीन विला की लोकेशन के लिए बोर्ड नहीं लगाते?

अवैध रूप से संचालित होटल समाज की शांति व सुरक्षा को प्रभावित करते हैं। यह जनहित का मामला है कि मंगल विहार कॉलोनीवासियों के लिए यह होटल और इसकी गतिविधियाँ सरदर्द बनी हुई हैं। रात भर गाड़ियों का आना-जाना,अज़नबी लोगों का आवागमन रहता है। **हिलव्यू समाचार लगातार आवाज़ बना है जनता की,जनता के हितों के लिए।** गत अंक में पवन गोयल की गोपालपुरा बायपास पर बनी ज़ीरो सेटबैक की बिल्डिंग नक्शों सहित प्रकाशित की गयी थी कि जो पवन गोयल गोपालपुरा बायपास मण्डल अध्यक्ष हैं वे स्वयं बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करते हैं,सरकारी ज़मीन व नालों पर कब्जा-अतिक्रमण करते हैं वो अन्य व्यापारियों में नैतिकता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व कैसे भर सकते हैं? यूँ तो सरकार व प्रशासन के साथ सामाजिक, राजनैतिक रसूख़ बढ़ाकर कोई भी आम आदमी ख़ास बन सकता है लेकिन उसके द्वारा किये गए किसी भी अवैध कृत्य के कारण संदेह की सुईयाँ उससे सबंधित हर रिश्ते व रसूख को भी कटघरे में खड़ा करती हैं। अब इस सम्बंध में शासन-प्रशासन के उन नेताओं व अधिकारियों जागने की आवश्यकता है जो कि पवन गोयल जैसे अतिक्रमणकारियों, अवैध निर्माणकर्ताओं व भूमाफ़ियाओं के साथ लगातार लाइम लाइट में बने रहते हैं।

## सम्पादकीय

# उद्यमियों को खलनायक सिद्ध करने की कोशिश, आत्मघात की तरह है रोजगार देने वालों को बदनाम करना



**राष्ट्रपति** के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के समय राहुल गांधी ने अदाणी समूह का मामला संसद में जोर-शोर से उठाया। उन्होंने अदाणी समूह के अप्रत्याशित विस्तार का उल्लेख करते हुए सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की। राहुल गांधी पिछले सात-आठ सालों से अंबानी-अदाणी के जुमले के जरिये प्रधानमंत्री मोदी पर आक्षेप लगाते आ रहे हैं। उन्होंने अपने हर दूसरे-तीसरे संबोधन में अंबानी-अदाणी का जुमला उछाला है। भले ही राहुल गांधी यह मानते हों कि उनकी ओर से प्रधानमंत्री पर लगाए जाने वाले आरोपों से उन्हें राजनीतिक लाभ मिल रहा है, लेकिन चुनाव नतीजे कुछ और ही कहते हैं। पिछले आठ-नौ सालों से कांग्रेस का ग्राफ लगातार नीचे जा रहा है। किसी नेता की ओर से किसी उद्योगपति का हेलीकाप्टर-चार्टर प्लेन इस्तेमाल करना कोई नई-अनोखी बात नहीं। क्या राहुल गांधी यह कह सकते हैं कि आज तक उन्होंने किसी अन्य के चार्टर प्लेन का इस्तेमाल नहीं किया? राहुल जनता को यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी के गुजरात से आने के कारण उनके वहां के उद्यमियों से संबंध हैं। क्या ऐसा होना अपराध है? राहुल गांधी जिस तरह अंबानी-अदाणी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि वे इन उद्यमियों की सफलता से ईर्ष्या करते हैं। उन्होंने यह जो माहौल बनाया है कि मोदी सरकार अंबानी-अदाणी की मददगार है, उससे कुछ लोगों और यहां तक कि नौकरशाहों को भी यह लग सकता है कि वास्तव में ऐसा ही है, लेकिन क्या यह सच्चाई है? कम से कम अभी तक ऐसे कहीं कोई प्रमाण नहीं कि नियामक संस्थाएं अपना काम सही तरह नहीं कर रही हैं। यह भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बैंकों की कार्यप्रणाली सुधारने का परिणाम है कि उनका एनपीए नियंत्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत के पूंजी बाजार की विश्व में धाक है। विश्व की लगभग हर एजेंसी मानती है कि भारत का पूंजी बाजार ऊंचाई को छुएगा।

जब यह स्पष्ट है कि अदाणी समूह की कार्यप्रणाली नियामक संस्थाओं की निगरानी में थी और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जो सवाल उठे हैं, उन्हें देखते हुए सेबी अभी भी इस समूह के कुछ पहलुओं की छानबीन कर रही है, तब यह कहना सही नहीं कि नियामक एजेंसियां अदाणी समूह के तौर-तरीकों से मुंह फेरे रहीं। भारतीय शेयर बाजार में लगभग 4000 से ज्यादा कंपनियां पंजीकृत हैं। इन सभी का बाजार मूल्य ऊपर-नीचे होता रहता है। इस पर नियामक संस्थाएं लगातार नजर रखती हैं। इस समय भी वे यह काम कर रही हैं। क्या राहुल गांधी यह चाहते हैं कि उनके आरोपों के चलते नियामक संस्थाओं को अदाणी समूह के खिलाफ बिना किसी जांच के कार्रवाई करनी चाहिए? मोदी सरकार लगातार इस पर बल देती रही है कि हर नागरिक के लिए नियम-कानून एकसमान होने चाहिए। सरकार ने हर जांच एजेंसी और नियामक संस्थाओं को इसकी छूट दी हुई है कि वे नियम-कानूनों के तहत अपना काम करें और किसी को भी बख्शे नहीं।


अदाणी समूह ऐसा अकेला समूह नहीं, जिसके शेयर तेजी से बढ़े हों। ऐसे और समूह भी हैं। कोर सेक्टर में काम करने के कारण अदाणी समूह का तेजी से बाजारीकरण कौतूहल का विषय जरूर है, लेकिन अभी ऐसे प्रमाण नहीं कि सरकार की मदद से कोई घपला हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद सरकारी बैंकों पर यह आरोप लगा कि उन्होंने अदाणी समूह को जरूरत से ज्यादा कर्ज देकर खुद को जोखिम में डाल लिया है। यही आरोप एलआइसी पर भी लगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि एलआइसी हो या सरकारी बैंक, उनकी ओर से अदाणी समूह में किया गया निवेश और उसे दिया गया कर्ज एक-एक प्रतिशत से भी कम है। कांग्रेस आज से नहीं, अपने प्रारंभिक काल से ही समाजवादी सोच वाली पार्टी रही है, पर सोनिया गांधी के सक्रिय होने के बाद से वह वामपंथी सोच से ग्रस्त होती दिख रही है। कांग्रेस उन आरोपों का जवाब देने में सक्षम नहीं, जिनके तहत यह कहा जाता है कि सत्ता में रहते समय उसने उद्योगपतियों की अनुचित तरीके से मदद की। जो तमाम बैंक घोटाले हुए, उनके मामले में यही सामने आया कि घोटाला करने वालों ने संप्रग सरकार के समय अनाप-शनाप कर्ज लिया था। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती सकती कि गांधी परिवार के सदस्य नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर हैं।

सत्ता से हटने के बाद से कांग्रेस यह माहौल बनाने में लगी हुई है कि पब्लिक सेक्टर को तबाह किया जा रहा है और उद्योगपतियों को अनुचित लाभ पहुंचाया जा रहा है। वह इस तथ्य को अनदेखा कर रही है कि पब्लिक सेक्टर के ही कारण भारत की आर्थिक प्रगति धीमी है। ये उद्योगपति ही हैं जो देश की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। देश के विकास में उद्योगपतियों की भूमिका को सबसे पहले नरसिंह राव ने तब समझा था, जब वह प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने ही देश को आर्थिक उदारीकरण की राह पर डाला। इसके बाद भी गांधी परिवार अपनी घिसी-पिटी समाजवादी सोच पर कायम है। इससे भी खराब बात यह है कि कांग्रेस नेता उद्योगपतियों को खलनायक साबित करने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। वे जिन उद्योगपतियों का नाम लेकर कोसते हैं, वे सभी कांग्रेस के समय फले-फूले। चाहे अंबानी हों या अदाणी, वे कांग्रेस शासित राज्यों में भी काम कर रहे हैं। समझना कठिन है कि इसके बाद भी उनके खिलाफ माहौल क्यों बनाया जा रहा है? अर्थव्यवस्था के मामले नारेबाजी की राजनीति ठीक नहीं।

विपक्षी दलों और खासकर कांग्रेस को यह ध्यान रखना चाहिए कि उद्योग-धंधों के विकास से ही रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। धन-संपदा का सृजन करने और रोजगार के मौके उपलब्ध कराने वालों को खलनायक की तरह पेश करना एक तरह का आत्मघात ही है। कम से कम कांग्रेस को तो इससे बचना ही चाहिए, क्योंकि इस रवैये से उसके साथ-साथ देश का भी नुकसान हो रहा है।

# अब 'विलेन' नहीं बनूंगा

फिल्म 'विक्रम वेधा' की असफलता से ऋतिक रोशन ने सबक ले लिया है. यही वजह है कि उन्होंने हाल ही में एक बड़ी फिल्म के ऑफर को भी ठुकरा दिया. सूत्रों की मानें तो फिल्म 'रामायण' में डायरेक्टर नितेश तिवारी ने उन्हें एक खास रोल दिया था लेकिन उनका कहना है कि वह अब निगेटिव रोल करने या विलेन बनने की गलती दोबारा नहीं करना चाहते. तिवारी लंबे समय से 'रामायण' को बड़े पर्दे पर उतारना चाहते हैं.




कई मौकों पर उन्होंने इस बात का जिक्र भी किया है. कहा भी जा रहा था कि वह निर्माता मधु मंटेना और अल्लू अरविंद के संग फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं. इसके लिए उन्होंने ऋतिक और रणबीर कपूर से भी बात की थी. अब जब लग रहा था कि सब फाइनल हो चुका है तो ऋतिक ने इसमें काम न करने का फैसला किया है. एक सूत्र ने बताया कि ऋतिक ने इस फिल्म से किनारा कर लिया है क्योंकि वह लगातार एक ही तरह के रोल नहीं करना चाहते. कहा यह भी जा रहा है कि नितेश की 'रामायण' की स्क्रिप्ट भी ऋतिक के दिल को छू गई थी लेकिन वह फिल्मों में अब केवल हीरो की भूमिका ही निभाना चाहते हैं.

## राकेश रोशन बोले, जल्द अनाउंस हो सकती है 'कृष 4'








एक्टर से निर्माता-निर्देशक बने राकेश रोशन अपनी अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर 'कृष 4' की तैयारियों में जुटे हुए हैं. 'कृष 3' की रिलीज को 10 साल पूरे हो गए हैं. ऐसे में दर्शक चौथे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हाल ही में राकेश रोशन ने अपडेट शेयर करते हुए कहा कि वह 'कृष 4' को लेकर जल्द घोषणा कर सकते हैं. इस पर अब भी काम चल रहा है. ऋतिक ने भी बर्थडे पर फिल्म का जिक्र करते हुए यह इशारा दिया कि इस बार जादू भी नजर आएगा. उन्होंने फैंस के सवाल पर कहा, 'कृष हार गया... जादू मर गया. यह कठिन है, पेचीदा भी.' ऋतिक ने बताया कि फिल्म एक तकनीकी मुश्किल के चलते अटकी हुई है.

# 'मर्डर मुबारक' की तैयारियों में बिजी सारा

**सारा अली खान इस समय नई पीढ़ी की सबसे व्यस्त एक्ट्रेस में से एक हैं. बीते साल सारा ने 3 फिल्मों की शूटिंग पूरी की थी.**

अब निर्देशक होमी अदजानिया के साथ अगली फिल्म 'मर्डर मुबारक' की तैयारियों में जुट गई हैं. इस फिल्म में उनके साथ अर्जुन कपूर स्क्रीन शेयर करेंगे. होमी स्क्रिप्ट का फाइनल ड्राफ्ट तैयार करने के बाद फिल्म में दोनों को लिए जाने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट करेंगे.



# शिवांगी का 'नया रूप'

**धारावाहिक** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 'नायरा' का रोल करके घर-घर में लोकप्रियता पाने वाली शिवांगी जोशी अब नए शो में नायिका के रूप में नजर आ सकती हैं. शिवांगी ने भले ही कम सीरियल्स में काम किया हो लेकिन 'नायरा' के किरदार ने उन्हें फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया. अब उन्हें एक ऐसी निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला है जिसके साथ काम करने का सपना हर स्टार का होता है. सूत्रों के अनुसार शिवांगी को एकता कपूर के अगले शो में काम करने का ऑफर मिला है. यह शो 'ब्यूटी एंड द बीस्ट' का हिंदी रिमेक होगा. शो से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'शिवांगी इस शो में एक अहम रोल करेंगी जिसमें उसका एकदम नए तरह का अवतार दर्शकों को नजर आएगा. उसका किरदार कहानी को दमदार तरीके से आगे बढ़ाने में मदद करेगा. इतना ही नहीं, इसमें वह राजपरी का डबल रोल करेंगी. जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी.' शिवांगी ने बताया था कि फरवरी महीने में उनका एक प्रोजेक्ट आने वाला है. उनकी बात को लेकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह इसी शो की बात कर रही थीं.



# अब नॉन-इंडियन लैंग्वेज में भी बनेगी 'दृश्यम'

फिल्म निर्माण कंपनी पैनोरमा स्टूडियोज ने फिलिपिनो, सिंहली और इंडोनेशियाई को छोड़कर लगभग सभी गैर भारतीय भाषाओं में इसका रीमेक बनाने के लिए मलयालम फिल्म 'दृश्यम' और 'दृश्यम 2' के ऑफिशियल अधिकार हासिल कर लिए हैं. पैनोरमा स्टूडियोज ने ही हिंदी में अजय देवगन के साथ इसी नाम से दोनों फिल्में भी बनाई हैं. बैनर अब अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में दोनों फिल्मों का रीमेक बनाने की तैयारी कर रहा है. स्टूडियो ने 'दृश्यम 2' के चीनी भाषा में रीमेक के अधिकार भी खरीद लिए हैं और अब कोरियाई, जापान और हॉलीवुड में बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं.



# सोनम की कमबैक 'ब्लाइंड' को नहीं मिल रहे खरीदार

सोनम कपूर आहूजा कोरियन फिल्म 'ब्लाइंड' के इसी नाम से बने रीमेक से कमबैक करने जा रही हैं. फिल्म फरवरी में ओटीटी पर आने वाली थी. अब चर्चा है कि 'ब्लाइंड' के मेकर्स को खरीदार नहीं मिल रहे हैं. दरअसल निर्माता फिल्म को 40 करोड़ रुपए की ऊंची कीमत पर बेचना चाहते हैं, लेकिन इस कीमत पर कोई भी इसे खरीदने को तैयार नहीं हो रहा है.




# स्वरा अगली फिल्म में 9 किरदार करेंगी

अभिनेत्री स्वरा भास्कर अपकमिंग विंटेज ड्रामा 'मिसेज फलानी' में एक-दो नहीं बल्कि 9 किरदार निभाएंगी. स्वरा पुराने दौर के फैशन में 9 अलग-अलग अवतारों-गेटअप में दिखेंगी जिसमें उनकी उम्र 30 से 42 वर्ष के बीच होगी. उनके निभाए ये 9 कैरेक्टर 9 अलग राज्यों से संबंधित होम मेकर्स होंगे. स्वरा का कहना है 'मिसेज फलानी' काफी चुनौतीपूर्ण फिल्म है. एक ही फिल्म में इतने किरदार निभाना हर एक्टर का सपना होता है.' प्रियंका चोपड़ा 'व्हॉट्स योर राशि' में 12 किरदार निभा चुकी हैं.



TV मैजिक

# 'चाहे जिंदगी हो या खाना, कम ही काफी है'

'मास्टरशेफ इंडिया' का बेस्ट होम कुक की खोज का सफर इस समय टॉप 11 कंटेस्टेंट्स तक पहुंच गया है. इस सप्ताह शेफ विकास खन्ना ने लखनऊ के सचिन खटवानी की डिश पर अपनी लाइफ के उस मंत्र के बारे में बात की जो उन्हें जिंदगी ही नहीं बल्कि खाने के मामले में भी सटीक लगती है. विकास ने सचिन की डिश के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मैं असल में जिंदगी के इस मंत्र में यकीन करता हूं जो खाने पर भी लागू होता है कि कम ही बहुत है. ज्यादा फ्लेवर्स और सामग्रियों को एक साथ अपनी डिश में इस्तेमाल करने से डिश का असली स्वाद खत्म हो जाता है. यदि आप डिश की 'हीरो' सामग्री से ही बेस्ट लाने पर ध्यान दें, तो इसे कहीं ज्यादा जायकेदार बनाया जा सकता है. शेफ बनने के लिए सभी इंद्रियों का एक साथ तालमेल होना बहुत जरूरी है.' डिश बनाने में गलती करने वाले सचिन ने कहा कि उनकी यह डिश एक मिसफायर थी. मैं शेफ विकास से सहमत हूं, मेरी डिश में बहुत सारी चीजें बेवजह थीं. अगली बार मैं शेफ विकास की इन बातों का ध्यान रखूंगा .





# जैकी के साथ रैम्प वॉक करेंगी रकुल

रकुल प्रीत सिंह अपने बॉयफ्रेंड फिल्म निर्माता-एक्टर जैकी भगनानी के साथ रैम्प वॉक करेंगी. कपल एक्टर-फिल्ममेकर लक्ष्मी मांचू के एनजीओ 'टीच फॉर चेंज' के फैशन शो-कम-फंडरेजर में शो स्टॉपर बनेंगे. एनजीओ वंचित समुदायों के बच्चों की शिक्षा के लिए काम करता है. कार्यक्रम 19 फरवरी को हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा. शो से जुटाई गई राशि का उपयोग 'टीच फॉर चेंज' से जुड़े अभियानों के लिए किया जाएगा.

## प्रोड्यूसर बना हूं, एक्टिंग से ब्रेक नहीं लिया

जैकी भगनानी इन दिनों अपने बैनर पूजा एंटरटेनमेंट के तले फिल्में और दूसरे प्रोजेक्ट्स प्रोड्यूस कर रहे हैं. एक इंटरव्यू में जब उनसे एक्टिंग छोड़ बतौर प्रोड्यूसर आगे बढ़ने के बारे में पूछा गया, तो उनका जवाब था, 'मैं प्रोड्यूसर बन गया हूं, इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि एक्टिंग से पूरी तरह ब्रेक ले लिया है. मुझे लगा कि फिल्म मेकर के तौर पर मैं और भी बहुत कुछ अचीव कर सकता हूं, यही तो फिल्म मेकिंग की खूबसूरती है.'



# 'एक वक्त था, जब लोग मुझ पर पैसे फेंकते थे'

## मनीष पॉल के शो में छलका रोजिक का दर्द

शो' बिग बॉस' के सीजन 16 के जरिये करोड़ों भारतीय दिलों में अपनी खास जगह बनाने वाले तजाकिस्तान के गायक अब्दु रोजिक हाल ही में एक्टर और होस्ट मनीष पॉल के पॉडकास्ट में खास मेहमान बनाकर शामिल हुए. मनीष ने अपने शो में उनके जीवन से जुड़ीं खास बातें जानने की कोशिश की. अब्दु ने बताया कि एक वक्त ऐसा भी था जब लोग उन पर धौंस जमाते थे और पैसे फेंकते थे. अब्दु ने बताया, 'हर दिन बाजार में लोग देखते ही मुझे पैसे देने लगते थे. कुछ कहते थे अरे! यार जाओ, तुम यहां क्यों आए हो. मेरी परफॉर्मेंस पर पैसे देने की बजाय लोग मुझ पर पैसे फेंकते थे. मैं ढाई घंटे पैदल चलकर स्कूल जाता था. कभी-कभी बर्फबारी इतनी ज्यादा होती थी कि छुट्टी करनी पड़ जाती थी.'



हिलव्यू समाचार

जयपुर, मंगलवार
14 फरवरी 2023





■ चिरंजीवी योजना 25 लाख रुपए ...
■ दुर्घटना बीमा 10 लाख रुपए...
■ सरकारी कार्मिकों को ओपीएस...

RAJASTHAN BUDGET 2023

# खुला तोहफ़ों का पिटारा

# बजट में बचत, राहत और बढ़त

## हर वर्ग के लिए भरपूर सौगातें

■ युवाओं का वन टाइम रजिस्ट्रेशन, फिर सभी भर्ती परीक्षाएं निशुल्क
■ पेपर लीक पर कड़ाई, एसटीएफ का गठन
■ 2000 यूनिट तक उपभोग वाले किसानों का बिल माफ

हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बतौर वित्त मंत्री राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए जहां ओपीएस के जरिए कर्मचारियों को साधा, वहीं चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को डेढ़ सौ प्रतिशत बढ़ाकर व 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान कर आमजन को राहत दी। उन्होंने बजट में जहां युवाओं को नवीन नीति और कल्याण कोष सहित कई तोहफे दिए। वहीं, सबसे अहम यह रहा कि युवा वन टाइम रजिस्ट्रेशन के बाद सभी परीक्षाएं निशुल्क दे सकेंगे। वहीं, 2000 यूनिट तक के उपभोग वाले किसानों को निशुल्क बिजली के साथ विभिन्न सौगातें प्रदान करने की घोषणा की। इतना ही नहीं, बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाने के अलावा महिलाओं को रोडवेज किराए में 50% छूट के साथ छात्राओं के लिए स्कूटी 20 से 30 हजार की गई।

### विधानसभा में सबसे लंबा बजट भाषण

राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को पेश बजट में एक रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अब तक का सबसे लंबा 3 घंटे 15 मिनट का बजट भाषण पढ़ा।

## 100 यूनिट बिजली मुफ्त



घरेलू उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री निशुल्क योजना के तहत 100 यूनिट बिजली प्रति माह मुफ्त दी जाएगी। इसके साथ ही चरणबद्ध तरीके (स्लैब) से 300 यूनिट प्रति माह उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। यह सीमा पहले 50 यूनिट थी। इससे प्रदेश के 1.19 करोड़ में से 1.04 करोड़ से अधिक परिवारों को घरेलू बिजली निशुल्क मिल सकेगी। इसके लिए सरकार को 7,000 करोड़ रुपए का भार वहन करना होगा।

### गरीब परिवारों को फूड पैकेट

सीएम गहलोत ने बजट में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के दायरे में आने वाले लगभग एक करोड़ परिवारों को आगामी वर्ष में निशुल्क राशन के साथ प्रति माह निशुल्क मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट देने की घोषणा की। इसमें इस पैकेट में एक-एक किलोग्राम दाल, चीनी एवं नमक और एक लीटर खाद्य तेल उपलब्ध कराया जाएगा। इस पर लगभग 3,000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

### बजट में कोई नया कर नहीं

सीएम गहलोत ने राज्य के बजट 2023-24 में कोई नया कर नहीं लगाने की घोषणा की। उन्होंने राजस्थान विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि पिछले चार बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया और राहत दी गई है।

### जयपुर में स्थापित होगा एविएशन सेंटर

सीएम गहलोत ने बजट भाषण में एविएशन के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए जयपुर में एविएशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। इस पर 150 करोड़ की लागत आएगी। इसके अलावा राजधानी की खासा कोठी का पुनरुद्धार करते हुए 150 करोड़ की लागत से स्टार होटल व स्टेट गेस्ट हाउस के रूप में विकसित किया जाएगा।

## महंगाई से राहत 19000 करोड़ का पैकेज

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए अगले साल 19,000 करोड़ रुपए का महंगाई राहत पैकेज देने की घोषणा की। इससे आगामी वर्ष सस्ते एलपीजी सिलेंडर एवं निशुल्क घरेलू बिजली आदि दिया जाना प्रस्तावित है।

## EWS परिवार को चिरंजीवी का निशुल्क लाभ

चिरंजीवी योजना का लाभ अब बीपीएल के साथ साथ ईडब्ल्यूएस परिवारों को भी निशुल्क मिलेगा। इस योजना में अब ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) परिवारों का शुल्क नहीं लगेगा। सीएम गहलोत ने इस योजना के तहत दुर्घटना बीमा की राशि को भी पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की घोषणा की।



### अभी और उड़ान बाकी है...

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि आप लोग सोच रहे होंगे कि ये चुनावी बजट है तो मैं कह देता हूं कि मैंने 2028 तक की सोच कर बजट बनाया है। इसके बाद उन्होंने इस शायरी से विधानसभा का माहौल शायराना कर दिया...

खोल दे पंख मेरे कहता है परिंदा...
अभी और उड़ान बाकी है...
जमीं नहीं है मंजिल मेरी...
अभी पूरा आसमां बाकी है...

## प्रदेश को कंगाली के कग़ार पर खड़ा किया कांग्रेस ने: राजे



**जयपुर।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा कि बजट युवाओं को भ्रमित करने का प्रयास है। उन किसानों को छलने की कोशिश है, जिनके मन में 2 लाख तक का कर्ज माफी का वादा पूरा नहीं होने की कसक है। हर वर्ग को मृग मरीचिका दिखाने की कोशिश है। कांग्रेस अपने जन्म से ही लोगों को झूठे सपने दिखाती आ रही है। पिछले बजट की 1029 में से 350 घोषणाएं ही जमीन पर आई। इसका भी वही हश्र होना है। 2019 में राजस्थान के हर व्यक्ति पर कर्ज 36,782 था, वह इस सरकार के कार्यकाल में 86,439 हो जाएगा। 2019 तक प्रदेश पर कुल कर्जा 3 लाख करोड़ था, जो इस बढ़ कर 7 लाख करोड़ से अधिक हो जाएगा यानी मुख्यमंत्री ने राज्य को कंगाली के कगार पर खड़ा कर दिया है।

### विरासत सिटी आमेर-जयपुर बनेगा आईकॉनिक डेस्टिनेशन

सीएम ने घोषणा की कि आमेर को आईकॉनिक सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत कार पार्किंग, ई-वाहनों का संचालन, म्यूजिकल फाउंटेन, रोपवे, हेरिटेज, वॉकवे और कैंपिंग साइट्स/रिसोर्ट्स संबंधी कार्य कराए जाएंगे।

### मानदेयकर्मियों को रिटायरमेंट पैकेज

सीएम गहलोत ने कहा कि पार्ट टाइम अस्थाई कर्मियों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कुक, फर्राश आदि को रिटायरमेंट पर बतौर पैकेज 2 से 3 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही, इनके मानदेय में 15% वृद्धि दी जाएगी।

### निगमों और बोर्डों में भी ओपीएस लागू

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में बोर्ड और निगमों के कर्मियों के लिए भी पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा की। अब राज्य सरकार के बोर्ड, निगम, अकादमियों और विश्वविद्यालयों के कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा।

### राजकोषीय संकेतक

- वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों में 2 लाख 33 हजार 988 करोड़ 1 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां।
- **बजट अनुमानों में 2 लाख 58 हजार 883 करोड़ 68 लाख रुपए का राजस्व व्यय।**
- बजट अनुमानों में राजस्व घाटा 24 हजार 895 करोड़ 67 लाख रुपए।
- **राजकोषीय घाटा 62 हजार 771 करोड़ 92 लाख जो GSDP का 3.98 प्रतिशत है।**

## भाजपा का हंगामा... सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बजट भाषण के दौरान मुख्य विपक्षी दल भाजपा के विधायकों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही पहले पूर्वाह्न 11 बजकर 12 मिनट पर आधे घंटे के लिए तथा बाद में 12 बजकर 11 मिनट पर 15 मिनट के लिए स्थगित की गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि गहलोत ने अपने बजट भाषण में पुराने बजट की पंक्तियां पढ़ी हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी और नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया में तीखी नोक झोंक हुई।

## बजट में ख़ास

### आमजन

- न नया कर लगाया, ना पुराना बढ़ाया
- 19000 करोड़ रुपए का महंगाई राहत पैकेज
- चिरंजीवी योजना में 25 लाख तक कैशलेस इलाज
- 100 यूनिट तक घरेलू बिजली निशुल्क
- 76 लाख उज्ज्वला परिवारों को 500 रु. में रसोई गैस सिलेंडर
- आंगनबाड़ी केंद्रों के 17 लाख बच्चों को 2 ड्रेस
- एक करोड़ खाद्य सुरक्षा परिवारों को हर महीने फूड पैकेट मिलेंगे
- आठवीं तक के सभी बच्चों को निशुल्क यूनिफॉर्म

### युवा

- युवाओं का वन टाइम रजिस्ट्रेशन, फिर सभी भर्ती परीक्षाएं निशुल्क
- एनएसएस, स्काउट गाइड व एनसीसी कैडेट्स के लिए निशुल्क रोडवेज यात्रा
- स्टार्ट अप के लिए 250 करोड़ का फंड
- 500 करोड़ का युवा विकास कल्याण कोष
- 75 करोड़ की लागत से जिला स्तरीय युवा महोत्सव
- पेपर लीक पर रोकथाम के लिए एसटीएफ का गठन
- जिला मुख्यालयों पर बनेंगे विवेकानंद यूथ हॉस्टल
- 30 हजार सफाई कर्मचारियों की होगी नियुक्ति
- फूट सेफ्टी ऑफिसर्स के 250 पद होंगे सृजित

### कर्मचारी

- सभी सरकारी कार्मिकों को ओल्ड पेंशन स्कीम (बोर्ड, निगम, यूनिवर्सिटी सहित)
- संविदाकर्मी नियमित होंगे, दशकों से चल रही ठेका प्रथा खत्म करने का किया ऐलान
- कर्मचारियों को प्रमोशन में दो वर्ष की छूट
- सचिवालय कार्मिकों की स्पेशल-पे में वृद्धि

### महिला

- रोडवेज किराए में अब 50% की छूट मिलेगी
- 8000 आंगनबाड़ी केंद्र व 2000 मिनी केंद्र खुलेंगे
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि
- बालिकाओं को दी जाने वाली स्कूटियां 10 हजार बढ़ाकर 20 से की 30 हजार

## पत्रकार वार्ता में बोले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

# प्रदेश को नई दिशा देने वाला बजट

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमने यह बजट चुनाव के लिहाज से पेश नहीं किया, यह प्रदेश को नई दिशा देगा। केंद्र को एनपीएस को मॉडिफाइड करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी योजना का दायरा बढ़ा 25 लाख कर दिया। दुनिया के किसी देश या राज्य में ऐसी योजना नहीं है। दुर्घटना बीमा की राशि 5 से बढ़ा 10 लाख कर दी, ओपीएस स्कीम से लाखों कर्मचारियों को फायदा होगा। मैंने फिर से केंद्र से ओपीएस को पूरे देश में लागू करने की मांग की है। यह आज की जरूरत है, इसलिए अब अन्य राज्य भी इसे लागू कर रहे हैं, लेकिन बीजेपी शासित राज्यों के सीएम गुमराह कर रहे हैं। हरियाणा के सीएम ने ओपीएस को लेकर जो बयान दिया है उसकी मैं निंदा करता हूं। आज गांव-गांव में बजट सुना जा रहा था, बीजेपी वाले नहीं चाहते थे कि कोई बजट सुने।



### बेवजह का बतंगड़

गहलोत ने कहा कि विधानसभा में भाजपा ने बेवजह बात का बतंगड़ बना दिया। वे पूरी रणनीति के तहत आज आए थे। एक पेपर मैंने गलती से पुराना पढ़ लिया तो क्या बजट लीक हो गया? विपक्षी आज चाहते ही नहीं थे कि बजट पेश हो। बजट शानदार आएगा, इसलिए सोची-समझी रणनीति के तहत ये हंगामा मचाया गया। भाजपा ने आज जो सदन में किया है उसे देख पूरे राज्य में आज इनकी क्या इमेज बनी है वो बताने की जरूरत नहीं है।



प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों तथा पिछड़ों में खुशी है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत बीमा राशि प्रति परिवार 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करना, दुर्घटना बीमा राशि को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करना तथा ईडब्ल्यूएस परिवारों को नि:शुल्क चिरंजीवी योजना का लाभ देने की घोषणा ऐतिहासिक कदम है। उज्जवला योजना के 76 लाख परिवारों को 500 रूपए में एलपीजी गैस सिलेण्डर, किसानों को 2000 यूनिट तक मुफ्त बिजली, घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली प्रदेशवासियों को कोई नया कर नहीं लगाने की घोषणा अभूतपूर्व है।

**गोविन्द सिंह डोटासरा,**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



मुख्यमंत्री ने एक किस्म से चुनावी बजट पेश किया है। सपनों का सौदागर कहें तो अतिश्योक्ति नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजस्थान में जिस तरीके से पेपर लीक करने वालों का बोलबाला है, शायद बजट भी इसी तरह लीक कर दिया। सरकार की फितरत कैसी है, सरकार कैसे काम करती है पता लग जाता है, जिस तरीके का असंतुलन दिखा उनके भाषण में बेशक लोक लुभावन बातें होगी, लेकिन जिन किसानों की मौतें हुई वो मौतें जवाब मांगती हैं, जिस तरीके से कर्जा लेकर और खर्चा करने की नीति है और वो फिल्म है आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपइया।

**सतीश पूनियां,**
भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड राष्ट्र को समर्पित

# डबल इंजन की सरकार होती तो राजस्थान में होता तेज विकास

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान में विधानसभा चुनाव के 9 महीने पहले ही चुनावी मूड में नजर आए। रविवार को दौसा के धनावड़ में जनसभा में मोदी ने कहा कि राजस्थान को अब ऐसी अस्थिर सरकार व अनिश्चितता से मुक्ति चाहिए, तभी कानून का राज स्थापित हो पाएगा और यह तेज विकास के रास्ते पर चल पाएगा। राज्य की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि उसके पास कोई 'विजन' नहीं है और न ही बातों में कोई वजन है। कांग्रेस चीजों को अटकाने, भटकाने, लटकाने का काम करती है, उससे विकास के काम पटक दिए जाते हैं। न ये लोग खुद काम करते हैं और न ही ये करने देते हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति रोज खराब होती जा रही है। जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं, उससे यह लगता है कि यदि राजस्थान की संस्कृति और गौरव को बचाना है तो राज्य में भाजपा की सरकार लानी ही होगी। उन्होंने कहा कि बीते पांच साल में अगर राजस्थान में डबल इंजन की पावर लगी होती तो यहां का विकास कितना तेज हो जाता?

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का 246 किमी लंबा दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही, 5940 करोड़ से भी अधिक की लागत से विकसित होने वाली 247 किमी लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्चुअल जुड़े वे कार्यक्रम स्थल पर नहीं गए।



### सैनिकों के शौर्य को कम करके आंका कांग्रेस ने

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर देश के सैनिकों के शौर्य को कम करके आंकने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों ने इस डर से सीमावर्ती इलाकों में विकास नहीं करवाया कि कहीं उनकी बनाई नई सड़कों का इस्तेमाल दुश्मन न कर ले, लेकिन कांग्रेस को यह पता नहीं था कि सीमा पर दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना हमारी सेनाओं को बखूबी आता है। इसलिए अब भाजपा सरकार सीमावर्ती जिलों में सीमा के पास बने गांवों में भी विकास के कामों में तेजी ला रही है। मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस क्यों हमेशा हमारे सैनिकों का शौर्य उनकी बहादुरी को कम करके आंकती रही?

## गहलोत ने कहा- पीएम आश्वासन पूरा करते तो...



**कार्यक्रम** में वर्चुअल जुड़े मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री मोदी के सामने ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग उठाई। सीएम गहलोत ने कहा कि राजस्थान के 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बेहद जरूरी है। राज्य सरकार अपने संसाधनों से पूर्वी ईआरसीपी के कार्य को आगे बढ़ा रही है। गहलोत ने इसके बाद सोशल मीडिया के जरिए भी मामले में तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए लिखा, "अपने आश्वासन को पूरा करने का अच्छा मौका रविवार को गंवा दिया। आप पिछले विधानसभा चुनाव से पहले किए गए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने के आश्वासन को पूरा करते तो प्रदेश की जनता स्वागत करती।

### हाईवे के लिए दिए 50 हजार करोड़ से अधिक

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 9 वर्षों से केंद्र सरकार भी निरंतर इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत बड़ा निवेश कर रही है। राजस्थान में भी हाईवे के लिए बीते वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक दिए गए हैं। इस वर्ष के बजट में तो हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 10 लाख करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। ये 2014 की तुलना में 5 गुना अधिक है। इस निवेश का बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को होने वाला है। यहां के गांव, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को होने वाला है। दशकों तक राजस्थान को कुछ लोगों ने बीमारू राज्य कहकर के चिढ़ाया है, लेकिन भाजपा राजस्थान को विकसित भारत का सबसे मजबूत आधार बना रही है।

### पानी का समाधान केंद्र की प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में पानी की चुनौती का समाधान केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है और पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में भी पेयजल और सिंचाई सुविधा का विस्तार करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मांग की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि ईआरसीपी और पुराने पार्वती काली सिंध चंबल लिंक को जोड़कर एक बड़ी परियोजना का प्रारूप तैयार किया गया है। इस पर दोनों राज्यों में सहमति होने पर केंद्र विचार करेगा।

### कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में निकाली सात हजार से अधिक रैलियां

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राहुल गांधी का संदेश आमजन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत देशभर में रैलियां निकाली जा रही हैं।

कांग्रेस द्वारा प्रदेश के 400 ब्लॉकों में अब तक सात हजार से अधिक रैलियां निकाली जा चुकी हैं। शनिवार और रविवार को मंत्री और विधायक भी इन रैलियों में शामिल हुए। रविवार को जयपुर के चाकसू विधायक वेदप्रकाशसोलंकी ने कोटखावदा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर की। इसके बादरैली मुख्य बाजार में होते हुए अंबेडकर सर्किल पहुंची, जहां विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर रैली का समापन किया।

रैली के दौरान विधायक ने व्यापारियों से मुलाकात की। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आमजन भी शामिल हुए। विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने राहुल गांधी का संदेश आमजन तक पहुंचाते हुए लोगों से मिलकर आपसी भाईचारा बढ़ाने व सांप्रदायिक नफरत मिटाने का आह्वान किया। इधर बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राम पंचायत खिजुरिया ब्राह्मण से यात्रा शुरू होकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर बूथ पर पंहुची।

यात्रा में राहुल के संदेश के साथ राज्य सरकार की योजनाओं और बजट की जानकारी आमजन को दी गई।



### यात्रा के जरिए मंत्री उतरे फील्ड में

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत एआईसीसी के निर्देशानुसार जनप्रतिनिधियों को यात्रा में शामिल होना अनिवार्य किया गया है। कोटा में नदीपार क्षेत्र के बालिता में केबिनेट मंत्री शांति धारिवाल के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा निकाली गई। वहीं राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने भीलवाड़ा में मांडल विधानसभा क्षेत्र के करेड़ा ब्लॉक में धराडिया, रूपपुरा, केरपुरा, गोराणा, करमा की तलाई, कोदिया और ज्ञानगढ गांव में यात्रा निकाली। इस दौरान जाट ने आमजन को सम्बोधित करते हुए भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार वोट बैंक के लिए धर्म के नाम पर राजनीतू कर देश को बांटने का काम कर रही है। जाट ने बजट में भीलवाड़ा को मिली सौगात की भी आमजन को जानकारी दी।

### मंत्री टीकाराम जूली ने ली बैठक

## लापरवाह ग्राम विकास अधिकारियों पर गिरी गाज



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा में धीमी गति से चल रहे कार्य एवं प्रगति रिपोर्ट नहीं देने पर जमालपुर ग्राम विकास अधिकारी को सस्पेंड कर दिया। वहीं भाखेडा, नांदनहेडी, भडकोल, खारेडा व ढहलावास के ग्राम विकास अधिकारियों को जिला परिषद् की कार्यवाहक एसीईओ को चार्जशीट देने का निर्देश दिया। जूली ने रविवार को जिला परिषद् सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से सम्बन्धित किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 7 दिन बाद फॉलोअप बैठक आयोजित कर फार्म पॉण्ड के आवेदन तैयार करने, आवंटित लक्ष्यों को अर्जित करने, कैटल शेड को तैयार करने, विधायक, सांसद कोटे से होने वाले टीएसपीएससी के कामों में प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। इससे पहले मंत्री ने अलवर ग्रामीण क्षेत्र के लिए 59.4 लाख रुपए की लागत से अलवर-भिवाडी हाईवे से कारोली सड़क और 33 लाख रूपए की लागत से बनने वाली कारोली से पंजाबी बास तक की सड़क का शिलान्यास किया।

### एक नज़र

## महाराष्ट्र और असम समेत 13 राज्यों को मिले नए राज्यपाल



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर/नई दिल्ली**। राष्ट्रपति ने रविवार को 13 राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की घोषणा की। इनमें गुलाबचंद कटारिया को असम, रमेश बैस को महाराष्ट्र, राजेंद्र विश्वनाथ को बिहार, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम, सीपी राधाकृष्ण झारखंड, शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश व जस्टिस (रि.) एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश, ला गणेशन को नगालैंड, फागू चौहान को मेघालय, बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ और अनुसुइया उइके को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है। इनके साथ ही ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (रि.) को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया, वहीं, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक को अरुणाचल प्रदेश का गवर्नर नियुक्त किया है।

## पूर्व DGP नवदीप सिंह के ख़िलाफ़ मारपीट करने का मामला दर्ज



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। पूर्व डीजीपी नवदीप सिंह के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। सेना के हवलदार ने बनीपार्क थाने में यह शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा (जम्मू कश्मीर) के रहने वाले सेना में हवलदार इम्तियाज शेख ने यह रिपोर्ट दी है। हवलदार शेख वर्तमान में जयपुर एनसीसी में तैनात हैं।

### यह है मामला

**रिपोर्ट** में हवलदार ने बताया कि वह किसी काम से सप्ता शक्ति गेट पर गया था। जहां पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को अपनी आईडी दिखाई। उसके बाद गेट पर तैनात सिपाही ने उसे गेट के अंदर जाने को कहा। इसी दौरान स्पीड ब्रेकर से गाड़ी को बैक लेते समय पूर्व डीजी पुलिस नवदीप सिंह की गाड़ी से उसकी टच हो गई। इसके बाद वह आगे निकल गया। आगे जाकर जब हवलदार ने अपनी कार को रोका तो नवदीप सिंह उसकी गाड़ी के सामने आ गए। उन्होंने पूछा कि तुम कौन हो। इस पर इम्तियाज शेख ने अपना परिचय दिया तो आपसी कहासुनी बढ़ गई। इसके बाद गुस्से में आए नवदीप सिंह ने हवलदार के गाल पर थप्पड़ मार दिया और कहा कि आज तक मैंने जिसे मारा है उसके कान के पर्दे फट गए हैं। चाहो तो चेक करवा लेना।

## सीएम के ओएसडी को दिल्ली पुलिस ने भेजा समन



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेष कार्य अधिकारी लोकेश शर्मा को जुलाई 2020 के फोन टैपिंग मामले में समन जारी किया है। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि लोकेश शर्मा को बयान दर्ज कराने के लिए सोमवार को दिल्ली पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है। इसके पहले ओएसडी का बयान छह दिसंबर 2021 और 14 मई 2022 को दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री और जोधपुर से बीजेपी सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकेश शर्मा और अन्य पर फोन टैपिंग को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने 25 मार्च, 2021 को एफआईआर दर्ज की थी।

### हंगामा: अडाणी के विरोध में भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन

# सड़क पर 'आप', झड़प हुई तो पुलिस ने बरसाई लाठियाँ

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडाणी के बीच गठबंधन का आरोप लगाते हुए राजधानी जयपुर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय का घेराव करने का प्रयास किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कायकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठियां भांजी। आप कार्यकर्ताओं को खदेड़ते हुए पुलिस ने पदाधिकारियों को हिरासत में लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से करीब दो दर्जन कार्यकर्ताओ को चोटें भी आई। जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

चुनावी साल में आम आदमी पार्टी अपनी सक्रियता बढ़ाते चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा के नेतृत्व में हुए पहला बढ़ा प्रदर्शन किया है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से भाजपा कार्यालय का घेराव कारण निकले। आम आदमी पार्टी मुख्यालय से निकलने के तुरंत बाद ही पुलिस ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को बलपूर्वक रोक दिया।



### प्रदेश प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी हिरासत में

पुलिस ने आप प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान विनय मिश्रा ने केंद्र की मोदी सरकार पर अडानी ग्रुप को नियम खिलाफ फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। मिश्रा ने कहा कि केंद्र की सरकार आम जनता की आवाज को दबा नहीं सकती है। मोदी सरकार ने जनता की गाढ़ी कमाई उद्योगपति गौतम अडानी को देखकर बड़ा घोटाला किया है। इसके खिलाफ आज हम बीजेपी मुख्यालय तक रैली निकालने वाले थे, लेकिन पुलिस ने हमारी आवाज को कुचलने का काम किया है।

### केंद्र ईडी, सीबीआई का दिखा रहा डर

प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने जिस तरह से अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाया, यह एक बहुत बड़ा घोटाला है। केंद्र सरकार छोटी-छोटी बातों पर विपक्षी नेताओं पर सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी की रेड डालकर सभी को डराना चाहती है, लेकिन हम डरने वाले नहीं है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को एक होने की बात बताते हुए कहा कि आदमी पार्टी द्वारा मोदी अदानी भाई-भाई के विरोध प्रदर्शन में वर्तमान कांग्रेस सरकार को दर्द क्यों हो रहा है। दोनों पार्टियां केवल जनता को लूटने का काम करती आई हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी इस तरह का महा घोटाला बर्दाश्त नहीं करेगी। अदानी मोदी और कांग्रेस तीनों की मिलीभगत का जवाब जनता राजस्थान विधानसभा 2023 के चुनाव में देगी।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया शहीद नायक नरपतसिंह की प्रतिमा का अनावरण

# शहीदों-महापुरुषों की प्रतिमाएँ युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शहीदों और महापुरूषों की प्रतिमाएं युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शहीदों का बलिदान हमें देश सुरक्षा के लिए तन, मन और धन से सेवा और संप्रभुता के लिए प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। इनके जीवन मूल्यों से सीखकर हमें देश सेवा के लिए संकल्प लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को जैसलमेर के पोकरण विधानसभा के राजमथाई गांव के लाल अमर शहीद नरपतसिंह राठौड़ की मूर्ति का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अनावरण किया। इस मौके पर सीएम गहलोत ने कहा कि राजस्थान वीर-वीरांगनाओं की धरा है। यहां महान सेना नायकों और बहादुर जवानों के साहस, त्याग और बलिदान का लम्बा इतिहास है। यहां अनेक स्मारक मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वालों की याद दिलाते हैं। गहलोत ने कहा कि शहीद नरपतसिंह ने गांव, परिवार और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

कारगिल युद्ध के बाद मैं स्वयं 50 से अधिक जगहों पर जाकर शहीदों के परिवारों से मिला, तब भी उन्होंने कहा कि एक सपूत चला गया, तो दूसरा हम भेजेंगे। मुझे गर्व है कि मैं उस प्रदेश का




मुख्यमंत्री हूं, जिसमें देश सेवा के लिए जज्बा है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान पहला प्रदेश है, जहां पर 50 लाख रुपए का विशेष पैकेज शहीद के परिवार को दिया जा रहा है। समारोह में शहीद नायक नरपत सिंह की माता उदय कंवर, वीरांगना भंवर कंवर सहित परिवारजन को सम्मानित भी किया गया।

### सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित

#### महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय खोलने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने समारोह में आमजन की मांग पर राजमथाई में महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय खोलने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि शहीद के सम्मान के लिए 'राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय' राणसिंह की ढाणी, जैसलमेर का नामकरण 'शहीद नरपत सिंह' के नाम से कर दिया गया है।

#### बजट की देश में सराहना

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ऐतिहासिक बजट 2023-24 की देश में सराहना हो रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, कृषि सहित हर परिवार, हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए घोषणाएं की गई हैं। सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित है। राजस्थान पहला प्रदेश है, जहां पशुपालकों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए लम्पी रोग से मृत गोवंश के लिए पशुपालकों को प्रति गाय 40 हजार रुपए दिए जाएगें।

## एक नज़र

### हथियारों के साथ करते थे पोस्ट, युवकों ने पुलिस को दी धमकी

## सोशल मीडिया पर लॉरेंस गैंग को फॉलो करने वाले 5 युवकों को किया गिरफ्तार



**हिलव्यू समाचार**
**उदयपुर।** जिले में पांच युवकों को सोशल मीडिया पर लॉरेंस विश्नोई गैंग को फॉलो करना भारी पड़ गया। गोगुंदा पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर पांच युवकों को गिरफ्तार किया। यह युवक हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करते थे। जानकारी के अनुसार रविवार को घासा निवासी कैलाश (27) पुत्र डालचंद डांगी, शंकर लाल पुत्र भेराराम डांगी, मुकेश (24) पुत्र नन्द लाल डांगी, कन्नाराम (34) पुत्र भैरा डांगी व मजेरा निवासी किशन (26) पुत्र गंगाराम डांगी को गोगुंदा कस्बे से गिरफ्तार किया। मुखबिर से सूचना मिलने पर थानाधिकारी अनिल कुमार विश्नोई मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से पहले जब उनसे पूछताछ की गई तो वे गुस्से में आकर धमकियां देने लगे। इसके बाद उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सोशल मीडिया पर बदमाशों को फॉलो करने वालों और सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करने वालों की धरपकड़ करने का अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पांचों आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस को सोशल मीडिया पर फॉलो करते है।

### भारत-पाक सीमा से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। बाद में संदिग्ध व्यक्ति को आगे की जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया गया। रामगढ़ पुलिस ने बुधवार को बताया कि जिले के झलरिया गांव निवासी हनीफ खान को उसकी गतिविधियों और पाकिस्तानी एजेंट से संबंध होने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। बीएसएफ ने आरोपी को हिरासत में लिया और आगे की जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की 55वीं पुण्यतिथि पर बोले रेल मंत्री...

# राजस्थान को मई में मिलेगी वन्दे भारत ट्रेन की सौगात

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** राजस्थान को मई में देश की सबसे तेज दौड़ने वाली ट्रेन वंदे भारत की सौगात मिलेगी। यह बात रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कही। वैष्णव शनिवार को जयपुर के धानक्या स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की 55वीं पुण्यतिथि पर उपाध्याय के राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर आयोजित स्मृति व्याख्यान में शामिल हुए। समारोह समिति की ओर से आयोजित भारत के आधारभूत संरचनात्मक विकास में रेलवे का योगदान विषय पर भी रेल मंत्री ने संबोधित किया।

इस दौरान वैष्णव ने दावा किया कि राजस्थान को मई में वन्दे भारत ट्रेन मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि वन स्टेशन वन प्रोडक्ट की थीम पर रेलवे में काम हो रहा है। जिससे प्रतिदिन 13 हजार ट्रेनों का संचालन हो रहा है और 12 लाख रोजगार रेलवे में है। इस दौरान रेल मंत्री ने कहा कि जयपुर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण होगा, जिस पर 717 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिसका टेंडर किया जा चुका है। देश में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रेलवे 'विरासत भी, विकास भी' की सोच के साथ यह काम कर रही है। इसी को लेकर रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने की योजना में जयपुर रेलवे स्टेशन को शामिल किा गया है।

पीएम मोदी ने विदेशी तकनीक के स्थान पर भारत की अभियांत्रिकी पर विश्वास जताकर "वन्दे भारत' को भारत में ही निर्मित कराकर चलाया और जल्द ही जयपुर को भी वन्दे भारत ट्रेन से जोड़ा जाएगा।

### जयपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण पर खर्च होंगे 717 करोड़



#### परिवार की सोची, देश की नहीं

वैष्णव ने कहा कि देश में जिन्हें 50-60 साल तक कमान मिली, उन्होंने केवल अपने परिवार की सोची। देश की नहीं। लेकिन आज देश की कमान जिसके पास है, ऐसे पीएम मोदी की सोच राष्ट्र प्रथम सदैव प्रथम की है। स्टेशन का निर्माण ऐसा हो, जिससे वहां की जमीनी खासियत का पता चले। गांधीनगर रेलवे स्टेशन टोक्यो से कम नहीं दिखता। जयपुर स्टेशन में भी रूफ प्लाजा बनाया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कहा है कि विरासत और विकास को आगे बढ़ाना है। अभी रुकना नहीं है, क्योंकि अभी 2024 है, साल 2029 भी है। वंदे भारत ट्रेन को लेकर उन्होंने कहा कि मात्र 7 देश ऐसे हैं, जो 180 किमी की स्पीड वाली ट्रेन बना सकते हैं, उसमें हमारा देश भी शामिल हो गया हैं।

#### स्थानीय लोगों ने रखी मांग


व्याख्यान में समारोह समिति के अध्यक्ष मोहनलाल छीपा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष धानक्या रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन में शामिल करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि धानक्या स्टेशन पर अधिकतर ट्रेनों का ठहराव हो। कोविड से पहले जो ट्रेन यहां रुकती थी उनका भी ठहराव किया जाए। जिससे आसपास के लोगों को खास सुविधा मिल सकें।

#### यूरोप व भारत की ट्रेन की तुलना में हम आगे

वैष्णव ने कहा कि यूरोप और भारत की ट्रेन में तुलना करने पर भी वन्दे भारत ट्रेन अग्रणी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश की क्षमता पर विश्वास करके एक पटरी पर दो ट्रेन को स्वत: रोकने के लिए कवच का सफल प्रयोग शुरू किया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा कि दीनदयाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रचार परंपरा के कार्यकर्ता थे।

### बारां में ज्वेलरी शॉप से चोरों ने किए एक करोड़ के आभूषण पार

## 100 किलो चांदी और सोने के जेवरात पर हाथ साफ



**हिलव्यू समाचार**
**बारां।** बारां में रविवार तड़के चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर एक ज्वेलरी शॉप से 100 किलो चांदी और सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर गए। चोरी के माल की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए आंकी जा रही है। जानकारी के मुताबिक जिले के छीपाबड़ौद में एक ज्वेलरी शॉप पर चोरों ने धावा बोल। चोर करीब एक करोड़ के सोने व चांदी के आभूषण पार कर ले गए। एसपी कल्याणमल मीणा सहित पुलिस के आला अधिकारियों के अलावा डॉग स्क्वायड, एफएसएल टीम, साइबर सेल और एमओबी टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। छीपाबड़ौद थाना अधिकारी चंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि मुख्य बाजार में गौतम कुमार गोयल की ज्वेलरी शॉप है। रविवार तड़के चोरों ने शॉप का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि दुकान में तोड़फोड़ की आवाज सुनकर व्यापारी गौतम कुमार के भाई किशन गोयल की नींद खुल गई। इसके बाद जब उन्होंने दो से तीन चोरों को देखा तो उन्हें भगाने की कोशिश की, लेकिन चोरों ने उन पर गुलेल से हमला कर दिया। जिसके बाद वो अंदर चले गए और अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर आए। उन्होंने एक फायर भी किया, लेकिन तब तक चोर मौके से फरार हो चुके थे। किशन गोयल ने बताया कि चोर बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात ले गए हैं। साथ ही तिजोरी भी टूटी मिली है। वहीं सीसीटीवी फुटेज करीब आठ चोर नजर आए। जो कि चोरी किया माल लेकर पैदल ही जाते दिखाई दे रहे हैं।

#### दुकान से थोड़ी दूर खड़ी की वैन

सीसीटीवी में चोर पैदल जाते नजर आए। उन्होंने अपनी वैन को ज्वेलरी शॉप से थोड़ी दूरी पर खड़ा कर रखा था। वारदात के बाद चोर वैन लेकर निकल गए। लोगों का कहना है कि कैमरे में कैद वैन नई लग रही है, जिस पर नंबर भी नहीं थे। ऐसे में आस-पास के सभी जिलों में भी अलर्ट जारी किया गया है। छीपाबड़ौद कस्बा भी मध्यप्रदेश और झालावाड़ से बिल्कुल नजदीक है। यहां की सांसी व भील गैंग भी इस वारदात को अंजाम दे सकती है। जिले के छबड़ा में भी कंजरों की गैंग है, जिस पर भी पुलिस को शक हैं।

### सभागार लोकार्पण समारोह में बोले स्वायत्त शासन मंत्री धारीवाल

# कोटा के रानपुर में भी विकसित होगा कोचिंग हब

**हिलव्यू समाचार**
**कोटा।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने रविवार को कोचिंग सिटी कोटा के लिए एक और खुशखबरी देकर कोचिंग स्टूडेंट्स के सपनों को पंख लगा दिए। उन्होंने कहा कि रानपुर में विकसित किए जाने वाले नए शहर में कोचिंग हब भी विकसित किया जाएगा।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने एसएसआई एसोसिएशन के नवनिर्मित सभागार के लोकार्पण समारोह में कोटा के विकास पर चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। मंत्री शांति धारीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कोचिंग के साथ कोटा पर्यटन के क्षेत्र में देश का चुनिंदा शहर बनकर उभरे, रोजगार के अवसर उपलब्ध हों इसी उद्देश्य के साथ कोटा में पर्यटन विकास के विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट लाए गए और उनको पूर्ण किया गया है। मंत्री धारीवाल ने कोटा में हुए पर्यटन विकास सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर भी कहा कि केंद्र सरकार से स्मार्ट सिटी के तहत सिर्फ 359 करोड रुपए आए हैं, जबकि कोटा में 4500 करोड़ से अधिक के विकास कार्य हुए हैं। यह राशि कोटा से ही आय अर्जित कर विकास कार्यों में लगाई गई है। उन्होंने कोटा को मेट्रो सिटी बनाने की मंशा भी उद्यमियों के समक्ष जाहिर कर एसएसआई के पदाधिकारियों की ओर से की गई मांग को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।




#### पदाधिकारियों ने की विकास के विजन की सराहना

पुरुषार्थ भवन में आयोजित लोकार्पण समारोह के दौरान एसएसआई के पदाधिकारियों ने भी यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के विकास के विजन की खुले दिल से सराहना। उन्होंने विकास कार्यों में व्यापारी वर्ग की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कोटा में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की उद्योग जगत ने सराहना करते हुए धारीवाल का आभार जताया। लोकार्पण समारोह के दौरान जिलाध्यक्ष रविंद्र त्यागी, एसएसआई एसोसिएशन के संरक्षक गोविंद राम मित्तल, एलन कोचिंग संस्थान के निर्देशक गोविंद माहेश्वरी, कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।

## किरोड़ी ने पीड़ितों के साथ की मुख्य सचिव से मुलाकात



**जयपुर।** राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा गत बुधवार को फिर आंदोलन पर उतर आए। इस बार वह दौसा के एक परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मुख्य सचिव उषा शर्मा से मिले। यहां पीड़ित परिवार को साथ लेकर पहुंचे किरोड़ी ने पुलिस पर दबाव में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। पीड़ितों के साथ सांसद किरोड़ी सचिवालय पहुंचे थे। इस दौरान पीड़ित परिवार ने सचिवालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना भी दिया।

#### यह लगाए आरोप

किरोड़ी के साथ सीएस के सामने दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा तहसील के चंदावास गांव का रहने वाला एक परिवार पहुंचा, जिसने गांव के ही कुछ लोगों पर आरोप लगाए कि उन्होंने उनकी बेटी की शादी को रोकने की कसम खाई हुई है। उन लोगों ने खेत से लेकर ढाणी स्थित उनके घर तक का रास्ता भी रोक दिया है। इससे उनके सारे काम रुक गए हैं। बेटी की शादी आज ही है। मामले को लेकर पीड़ित परिवार पुलिस तक शिकायत दे चुके हैं, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के कारण पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है जबकि बदमाशों ने शादी में परेशानी खड़ी कर दी है। वह मंडप सजाने से लेकर टेंट तक नहीं लगाने दे रहे हैं, ना ही किसी भी तरह की तैयारी वहां होने दे रहे हैं।



कई बार अपने शर्मीले स्वभाव की वजह से हम लाइफ में कई आसान मौकों को छोड़ देते हैं जो हमारे लिए शायद बहुत ही जरूरी थे. वह चाहे करिअर में ग्रोथ से जुड़ा हो या दोस्ती-यारी बढ़ाने का मौका, हम झिझकते रह जाते हैं और समय रफ्तार ले लेता है. छूट चुके उन मौकों का पछतावा हमें हमेशा परेशान भी करता है. हम खुद की सोच में ऐसा क्या बदलाव ला सकते हैं जिससे हमारे अंदर की झिझक और शर्मिंगदी कम हो और हम भी औरों की तरह लाइफ को खुलकर एंजॉय कर सकें.

# झिझक छोड़ो, रफ्तार पकड़ो

# शर्मीले स्वभाव में लाएं बदलाव

### शर्माना नहीं है बुरी आदत

सबसे पहले तो खुद को ये समझाएं कि शर्माना कोई बुरी आदत नहीं है. ऐसा करने से आपके अंदर का आत्मविश्वास जगेगा और आप पब्लिक प्लेस या भीड़ वाली जगह में बिना किसी हीन भावना के जा सकेंगे.

### बेइज्जती होने का डर निकाल दें

यह बात मन में ठान लें कि आपकी इज्जत इतनी हल्की नहीं कि कोई भी बेइज्जत कर दे. अगली बार आप जब किसी पार्टी में जाएं तो यह मन में ठान कर जाएं. दरअसल अधिकतर शर्मीले लोग यही सोचकर भीड़ में खुद को दूर कर लेते हैं.

### अस्वीकार्यता को लेकर ईजी रहें

कई बार हम भीड़ में या लोगों के बीच जाने से इसलिए भी झिझकते हैं कि हमें लगता है कि दूसरे हमसे नफरत करते हैं या पसंद नहीं करते. लेकिन दरअसल यह आपके मन का वहम है. ऐसी बातें हों भी तो इसे ईजी लें.



### इस तरह उठाएं कदम

शर्मीलेपन को कम करने के लिए आप छोटे-छोटे कदम उठाएं. शुरुआत दोस्तों के साथ करें. उनके साथ समय बिताएं और दोस्तों के साथ होने वाली छोटी से छोटी पार्टी में भी शामिल जरूर हों. ये छोटी पार्टियां ही आपको खूब सारे लोगों के सामने खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करेंगी.

### सिर उठाकर बात करें

जब भी किसी से बात करें तो सिर उठाकर आई कांटैक्ट के साथ करें. ऐसा करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप मजबूत दिखेंगे. आपकी झिझक भी कम होगी.

### खुद को कमतर न आंकें


आप मिरर में देखकर बात करें और खुद को याद दिलाएं कि जो भी काम करते हैं, आप उसके विशेषज्ञ हैं, आपसे बेहतर कोई नहीं. ऐसी बातें आपको भीड़ में भी अपनी अहमियत याद दिलाएंगी.

### लुक पर दें ध्यान

अगर आपको लगता है कि आप बेहतर नहीं दिखते तो लुक पर ध्यान दें और जरूरत लगे तो विशेषज्ञ की मदद लें. हालांकि लोग लुक से ज्यादा उन लोगों को पसंद करते हैं, जो आत्मविश्वास से भरे इंट्रेस्टिंग पर्सन होते हैं.

छोटे-छोटे डेकोरेटिव आइटम भी एक सामान्य घर और कमरे को मॉर्डन और डिसेंट बना देते हैं. कई बार क्रिएटिव तरीके से घर को सजाने पर पुराना कमरा भी नया जैसा लगता है. आजकल के लोग समय के साथ घर और रूम को डेकोर करते रहते हैं.

# होम डेकोर ट्रेंड



### विंटेज अंदाज में घर सजाएं

शायद आपको नहीं मालूम हो लेकिन एक रिसर्च के मुताबिक, आने वाले नए साल में विंटेज होम डेकोर ट्रेंड में रहने वाला है. ऐसे में अगर आपके पास कोई विंटेज सामान है तो आप कमरे को सजा सकती हैं. इसके लिए आप कुछ विंटेज सामान को बाजार से भी खरीद सकती हैं. विंटेज होम डेकोर में आप विटेंज घड़ी, वुडन फर्नीचर, छोटे-छोटे विंटेज चीजों से घर को सजा सकती हैं. इसके अलावा आप कमरे का कलर भी विंटेज अंदाज में पेंट करवा सकती हैं.

### इंडोर प्लांट्स

आजकल होम डेकोर को लेकर सबसे अधिक इंडोर प्लांट्स चर्चा में है. वो इसलिए, क्योंकि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए लगभग हर कोई घर के अंदर प्लांट्स लगा रहा है. इंडोर प्लांट्स एक तो हवा शुद्ध करते हैं तो दूसरी तरफ घर को खूबसूरत भी बनाते हैं. ऐसे में आप स्पाइडर प्लांट, लकी बैम्बू, चाइनीज एवरग्रीन, वीपिंग फिग ट्री, सागो पाम प्लांट्स और स्नैक प्लांट जैसे छोटे-छोटे पौधों को कमरे को सजाने के लिए उपयोग कर सकती हैं.

### पिंक एंड ग्रीन कलर

अगर दस महिलाओं से पूछा जाए कि आपका पसंदीदा कलर कौन सा है, तो ज्यादातर महिलाओं का जवाब होगा कि पिंक कलर मेरा पसंदीदा कलर है. अगर ऐसा है तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आने वाले नए साल में पिंक एंड ग्रीन कलर ट्रेंड कर सकते हैं. अगर आप भी समय के साथ अपने घर और कमरे को नया अंदाज देने वाले हैं तो इन दोनों पेंट में से किसी एक पेंट से घर पेंट करवा सकती हैं.

### इन चीजों का भी रखें ध्यान

इसके अलावा आने वाले समय-समय में कुछ ऐसे ही होम डेकोर हैं, जो ट्रेंड में रह सकते हैं. जैसे- घर में नेचुरल लाइट्स का आना, सोफा आदि के लिए कपड़े का चुनाव करना, लिविंग रूम को डेकोर करना, घर के कुछ हिस्सों में स्मार्ट लाइट आदि का इस्तेमाल भी ट्रेंड में रह सकता है. इसके अलावा किचन में बेहतरीन वुडन का इस्तेमाल भी ट्रेंड में रह सकता है.








# टीनएजर्स का रखें ध्यान

# जब बच्चा कतराए मोबाइल में वक्त बिताए

बच्चों की लाइफ में बड़े होने का जो सबसे अहम समय है, वो 13 से 18 साल के बीच का होता है, जिसे टीनएज कहते हैं. इस उम्र में ही बच्चों में सबसे ज्यादा बदलाव देखने को मिलते हैं. माता-पिता आसानी से ऐसे बदलावों को नहीं देख पाते, इस कारण उन पर गुस्सा भी करने लगते हैं. क्या आपको भी ऐसा लगता है कि आपके बच्चे के व्यक्तित्व में रातों-रात बदलाव हो गया? वह कम बात करता है या जिद करने लगा है? इसके अलावा बातें नहीं मानता, पढ़ाई में ध्यान नहीं दे रहा है. यहां तक कि टीचर्स भी अब उसकी शिकायत करने लगे हैं. इससे भी बड़ी बात ये है कि वह आपके साथ वक्त बिताने से कतराता है और वो ज्यादातर टाइम मोबाइल देखने में ही स्पेंड करता है. ये प्रॉब्लम अकेले आपकी नहीं है, किशोर होती संतान के हर माता-पिता को अक्सर इन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. ब्रिटिश साइकोलॉजिस्ट और एज हिल यूनिवर्सिटी की चांसलर तान्या बायरन ने इसे लेकर कुछ पैरेंटिंग टिप्स बताए हैं.

साइकेट्रिस्ट तान्या बायरन कहती हैं कि ये टाइम बच्चे के लिए भी चुनौतीपूर्ण होता है. इस 'डिस्कनेक्शन' को खत्म करने के लिए हमें उनके लेवल पर जाकर समझना होगा, सहयोगी अप्रोच रखना होगा. बच्चों से दोबारा जुड़ने के लिए ये तरीके कारगर हो सकते हैं.



### कुछ मिनट साथ रहने का लक्ष्य रखें

हफ्ते में एक बार फैमिली टाइम जरूर रखें. शुरुआत छोटी करें ताकि उन्हें यह न लगे कि दबाव डाला जा रहा है. उनके साथ गेम्स खेलें, पुराना फैमिली वीडियो देखें. यदि वे बीच में जाना चाहें तो गुस्सा न हों. उन्हें अच्छा महसूस करवाएं. जिन बच्चों का साथ रहने का मन नहीं है, उनके लिए थोड़े मिनट का समय रखें, धीरे-धीरे ये समय बढ़ता जाएगा.

### खुद भी करें अमल

एक टीनएज/किशोर के तौर पर बच्चों का दिमाग डेवलपमेंट के बड़े परिवर्तनों से गुजरता है, ऐसे में वो नहीं जुड़ रहे हैं तो इसे पर्सनल न लें. बच्चे को अपना डेली रूटीन बनाने के लिए प्रेरित करें. शुरुआत खुद से करें. कोई ऐसा वक्त तय करें, जब घर के सभी सदस्य मोबाइल बंद रखें. आप सहमत नहीं हों, तब भी अमल करें. इससे घर का माहौल सकारात्मक होगा. जब बच्चे देखेंगे कि आप भी ऐसा ही कर रहे हैं तो वो भी इसे मानेंगे.

### बच्चों को अहम लगने वाली चीजों में शामिल हों

बातचीत के लिए सही वक्त चुनें. एक ही कमरे में साथ बैठकर कुछ न कहकर भी बहुत कुछ कह सकते हैं. ऐसा करने से तनाव व चिंता कम होगी. उनके साथ ऐसे पारिवारिक फोटो या वीडियो देखें, जिनमें वे खुलकर हंस रहे हैं. उन्हें महत्वपूर्ण लगने वाली चीजों में शामिल हों. उन्हें पसंदीदा वीडियो गेम खेलकर



दिखाने को कहें, हो सके तो साथ खेलें. उनसे पूछें कि साथ वक्त बिताने में कौन सी बातें मददगार हो सकती हैं.

### वो कैसा भी रिएक्शन दें, उनकी तारीफ जरूर करें

अगर डिनर के वक्त बच्चे थाली साइड रखकर उठ जाते हैं, तो भी सराहना करें कि साथ खाना तो खाया. उनकी तारीफ जरूर करें. कनेक्शन की हर कोशिश महत्वपूर्ण है. चाहे बच्चे कैसी भी प्रतिक्रिया दें. धैर्य रखें, हर बार पॉजिटिव डिस्कशन होगा तो वो खुद आपकी ओर कदम बढ़ाएंगे, उनके लिए भी यह हैरान करने वाला समय है. उन्हें आपकी जरूरत है.

# पैस्ले प्रिंट से यूनिक स्टाइल

**फ्लोरल, ज्योमेट्रिक, एनिमल, डिजिटल, पैचवर्क प्रिंट के बारे में तो सुना ही होगा. पर क्या आपने पैस्ले प्रिंट के बारे में सुना है? पैस्ले प्रिंट को आप न सिर्फ ब्लाउज, पैंट-सूट, स्कार्फ, स्कर्ट में देखेंगे, बल्कि यह प्रिंट एक्सेसरीज में भी इन है.**



अमूमन जब भी महिलाओं की स्टाइलिंग की बात होती है तो वह सबसे पहले आउटफिट के कलर के अलावा, प्रिंट्स आदि पर भी पूरा ध्यान देती हैं. ऐसे में पैस्ले प्रिंट्स को स्टाइल कर ट्रेंडी दिखा जा सकता है. इसे विंटर प्रिंट भी कहा जाता है. इस पैस्ले प्रिंट को कुछ अमेजिंग तरीकों से अपने स्टाइल में ऐड कर आप दिखेंगी बेहद ग्लैमरस. वैसे मेन्स वियर में पैस्ले प्रिंट एक टचस्टोन माना जाता है. पैस्ले प्रिंट कई दशकों से पुरुषों की शर्ट में दिखा, बाद में कैप, सॉक्स जैसी एक्सेसरीज में भी यह शामिल होने लगा. आपको जानकर आश्चर्य होगा कि सदियों पहले इस प्रिंट का इस्तेमाल शाही कपड़ों और मुकुटों को सजाने के लिए किया जाता था.



### टॉप या ब्लाउज में

पैस्ले प्रिंट्स की साड़ी पहनना तो बेहद आम है, लेकिन अगर आपको ओवरऑल लुक में पैस्ले प्रिंट्स कैरी करना अच्छा नहीं लगता है तो ऐसे में आप पैस्ले प्रिंट्स साड़ी ब्लाउज, क्रॉप टॉप या टॉप में कैरी कर सकती हैं. प्लेन साड़ी के साथ एंब्रॉयडेड हैवी पैस्ले प्रिंट्स ब्लाउज को कैरी कर खूबसूरत दिखा जा सकता है. अगर आप चाहें तो इसमें कलर कॉन्ट्रास्टिंग का ऑप्शन भी सिलेक्ट कर सकती हैं.

### एक्सेसरीज

अगर आप ऑफिस में पैस्ले प्रिंट्स को यूनिक अंदाज में कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में आप इस प्रिंट्स के बैग्स को कैरी करने पर विचार करें. वैसे सॉलिड कलर्स हैंडबैग्स आपके लुक को बेहद बोल्ड बनाते हैं. अगर आप एक सटल लेकिन स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो ऐसे में पैस्ले प्रिंट्स बैग्स कैरी करना एक अच्छा आइडिया हो सकता है. पैस्ले प्रिंट्स हील्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं.

### बॉटम वियर को दिखाएं खास

बोल्ड एंड ब्यूटीफुल लुक के लिए पैस्ले प्रिंट्स को आप बॉटम वियर में कैरी करें. बॉटम में पैस्ले प्रिंट्स बेहद स्टाइलिश लगता है. गर्मियों में जहां हमेशा पैस्ले प्रिंट्स वाले शॉर्ट्स इन रहते हैं, तो वहीं इस सीजन वाइड लेग पैंट या लूज पैंट के साथ जरूर ट्राई करें.



पैस्ले प्रिंट्स बॉटम्स प्लेन व्हाइट टॉप या व्हाइट शर्ट के साथ फबते हैं. अगर आप आउटिंग पर इसे पहन रही हैं तो नेकपीस के जरिये अपने लुक को और भी ज्यादा अट्रैक्टिव दिखा सकती हैं.

# किस्मत से मिलते हैं ऐसे दोस्त

दुनिया में हर इंसान के दोस्त होते हैं. किसी के कम तो किसी के ज्यादा लेकिन हर किसी की लाइफ में कोई दोस्त जरूर होता है. हां, बढ़ती उम्र के साथ दोस्तों की संख्या कम होती जाती है क्योंकि वक्त के उतार-चढ़ाव के बीच आपको पता चलता जाता है कि कौन आपका असल में दोस्त है और कौन नहीं. हर तरह के दोस्तों की भीड़ में कुछ दोस्त ऐसे होते हैं, जिन्हें आपको कभी खोना नहीं चाहिए क्योंकि ऐसे दोस्त किस्मत वाले लोगों को ही मिलते हैं.

### मोटिवेट करने वाले

किसी को मोटिवेट करने के लिए पॉजिटिव अप्रोच बेहद जरूरी है. कोई पॉजिटिव इंसान ही किसी को मोटिवेट कर सकता है. लाइफ में कभी-कभी ऐसा होता है, जब सबकुछ हमारे खिलाफ जाता है. ऐसे में आप सारी उम्मीदें छोड़ने लगते हैं. ऐसे वक्त में अगर आपका दोस्त आपको मोटिवेट करता है तो ऐसा दोस्त भगवान के दिए उपहार से कम नहीं है.

### मदद के लिए हमेशा तैयार रहने वाले

हर किसी की लाइफ में कोई न कोई इश्यू है लेकिन फिर भी अपने झमेले भूलकर आपकी हेल्प के लिए हमेशा तैयार रहने वाला दोस्त आपके लिए किसी हीरे की तरह ही कीमती है. ऐसे दोस्त को कभी भी अपने से दूर न जाने दें.

### इंट्रोवर्ट फ्रेंड

इंट्रोवर्ट लोगों की सबसे खास बात यह होती है कि ये बहुत कम लोगों के क्लोज होते हैं और अपने दोस्तों को कभी रिप्लेस नहीं करते. ऐसे दोस्त बोलते बेशक कम हों, लेकिन आपको सबसे ज्यादा समझते हैं. ये अपने सर्कल में सबसे खुशमिजाज और जिंदादिल होते हैं. ऐसे में आप इनके साथ अकेलापन फील नहीं कर सकते.



### आपकी खुशी में खुश होने वाले

दुनिया में बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जो आपकी खुशियों में खुश होते हैं. जिनके लिए आपकी अचीवमेंट बहुत मायने रखती है. आपके पास अगर ऐसा कोई दोस्त है, तो उन्हें संभालकर रखें.

### बातों को ध्यान से सुनने वाले

आजकल हर कोई बोलना चाहता है, सुनना कोई नहीं चाहता. दुनिया की इस सच्चाई से परे अगर आपके पास ऐसा दोस्त है, जो हमेशा आपकी बात सुनता हो और आपकी प्रॉब्लम को सुनकर सॉल्यूशन भी देता हो, तो यकीनन आप बेहद लकी हो.



# स्ट्रेस सिचुएशन को करें कंट्रोल

तनाव किसी भी तरह का हो, सेहत के लिए हमेशा नुकसानदायक ही होता है. कई बार हम ऐसी छोटी-छोटी बातों को लेकर भी तनाव में रहने लगते हैं, जो बहुत ही छोटी होती हैं और गौर करें तो इनका जिंदगी पर कोई खास प्रभाव भी नहीं पड़ता लेकिन फिर भी ज्यादातर लोग इसका शिकार हो जाते हैं. तो कुछ ऐसे टिप्स एंड ट्रिक्स हैं जो तनाव की स्थिति को दूर करने में आपके लिए मददगार साबित होंगे.

### हमेशा रहें तैयार

अगर आपको लगता है कि आने वाले समय में स्थितियां आपके लिए तनावपूर्ण हो सकती हैं तो खुद को पहले से ही मानसिक रूप से तैयार कर लें. इससे आपको उसका सामना करने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी.

### सामाजिक दायरा बढ़ाएं

तनाव के दौर में अकेले रहने के बजाय अपने परिवार, खास दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ रहें. भले ही आप उनसे अपनी हर परेशानी शेयर न करें, फिर भी आप काफी बेहतर महसूस करेंगे.

### रखें खुद पर विश्वास

हालात जैसे भी हों, अपना आत्मविश्वास कभी न डगमगाने दें. अपने विचारों का मूल्यांकन करने के साथ ही इस बात की भी जानकारी रखें कि क्या हो रहा है या चल रहा है. इससे स्थितियां स्पष्ट होंगी और आपको नई राह भी दिखेगी.

### संवाद भी है जरूरी

अपनी भावनाओं को दूसरों के सामने सही ढंग से प्रकट कर आप काफी हद तक तनाव से दूर रह सकते हैं. अपनी इच्छाओं व विचारों को स्पष्ट रूप से सामने रखने से पर्सनल व प्रोफेशनल रिश्ते भी बेहतर होते हैं.

### बचें दवाओं के सेवन से

किसी भी प्रकार के सेडेटिव्स, कैफीन व एल्कोहल के सेवन से दूर रहना चाहिए. इनका इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद हानिकारक है.

### रिश्तों में समझदारी

अगर कोई रिश्ता आपको खुशी देने के बजाय लगातार तनाव दे रहा हो तो किसी उम्मीद की आस में उसे जबर्दस्ती निभाते न रहें. धैर्य के साथ समस्या सुलझाएं.



### स्वस्थ हो जीवनशैली

फिट रहकर भी आप तनाव को दूर रख सकते हैं. व्यायाम, पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच से आप अपनी जीवनशैली में संतुलन बना सकते हैं.

### लें प्रोफेशनल सहायता

जब आप अपने तनाव को झेलने में असमर्थ महसूस कर रहे हों तो किसी काउंसलर की सलाह लेने में बिलकुल भी न हिचकिचाएं. वह आपकी समस्या सुलझाने के साथ ही जीवन में बदलाव लाने में भी मदद करेगा.



## एक नज़र

### छत्तीसगढ़ में नक्सली घटनाएं बढ़ीं: जेपी नड्डा



**एजेंसी**
**जगदलपुर।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से यहां नक्सली घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। नड्डा ने शहर के लालबाग मैदान में सभा के दौरान नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में भाजपा की नारायणपुर जिला इकाई के उपाध्यक्ष सागर साहू की हत्या पर दुख जताया और कहा कि राज्य में नक्सली घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर गांव में शुक्रवार रात संदिग्ध नक्सलियों ने साहू की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### हर माह 1,000 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राजस्व आसूचना निदेशालय हर महीने 1,000 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर रहा है। डीआरआई के महानिदेशक मोहन कुमार सिंह ने 'तस्करी रोधी दिवस' के अवसर पर 'फिक्की कैसकेड' के कार्यक्रम में कहा कि निदेशालय के लिए हर दिन 'तस्करी रोधी दिवस' है। आज तस्कर जटिल तरीकों और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल तस्करी की वस्तुओं को सीमा पार कराने के लिए कर रहे हैं। जाली नोटों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों का खतरा वैश्विक स्तर पर है और इनका नकारात्मक असर आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है। सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचता है, करदाताओं पर बोझ बढ़ता है, ग्राहकों तक खतरनाक उत्पाद की पहुंच बढ़ती है तथा इससे आतंकवाद तक संबद्ध है।

### SSLV डी 2 ने भरी अहम उड़ान, तीन उपग्रह लॉन्च



**एजेंसी**
**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान एलवी डी2 ने शुक्रवार को यहां से उड़ान भरने के बाद ईओएस-07 एवं दो अन्य उपग्रहों को उनकी कक्षा में स्थापित कर दिया। इसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एसएसएलवी क्षेत्र में शुक्रवार को अपनी पहली सफलता हासिल कर ली। इसरो को कुछ महीनों पहले अपने पहले मिशन में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए थे। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि एसएसएलवी ने अपनी दूसरी उड़ान में तीन उपग्रहों को उनकी सटीक कक्षा में स्थापित किया। ज्ञात हो कि एसएसएलवी ने साढ़े छह घंटे की उल्टी गिनती के बाद सुबह नौ बजकर 18 मिनट पर उपग्रह ईओएस-07 और दो अन्य उपग्रहों- अमेरिका के अंतारिस द्वारा निर्मित जानुस-1 और चेन्नई स्थित 'स्पेस किड्ज इंडिया' के आजादीसैट-2 के साथ उड़ान भरी। रॉकेट ने करीब 15 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रहों को 450 किलोमीटर की अपेक्षित वृत्ताकार कक्षा में स्थापित कर दिया।

इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि इसरो वर्ष 2023 में कई अभियानों को शुरू करने के साथ अपने गगनयान की भी तैयारी करेगा। गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त अंतरिक्षयान की क्षमता को दर्शाने के लिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों को तीन दिनों के मिशन के तहत 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा और फिर उन्हें सुरक्षित तरीके से हिंद महासागर में उतारा जाएगा।

**जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एमएम समूह) प्रमुख मदनी का दावा**

# आरएसएस, भाजपा या बहुसंख्यकों से कोई धार्मिक या नस्ली द्वेष नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के इस्लाम की जन्मस्थली होने का दावा करते हुए प्रतिष्ठित मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एमएम समूह) के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने शनिवार को कहा कि अल्लाह के पहले पैगम्बर का जन्म यहीं हुआ था और यह मुसलमानों का पहला वतन है। मदनी ने साथ में यह भी कहा कि यह देश जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का, उतना ही उनका भी है। मदनी ने कहा कि अल्पसंख्यकों का आरएसएस,भाजपा तथा बहुसंख्यकों से कोई धार्मिक या नस्ली द्वेष नहीं है। उन्होंने देश को महाशक्ति बनाने के लिए संघ प्रमुख भागवत को आपसी बैर और दुश्मनी को भुलाकर एक-दूसरे से 'गले मिलने' का न्योता दिया।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित रामलीला मैदान में आयोजित संगठन के 34वें महाअधिवेशन में राज्यसभा के पूर्व सदस्य मदनी ने कहा, हमें और उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह मतभेद ज़िदंगी को खूबसूरत बनाता है और विरोध तंग दिली का लक्षण है।



### अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी

जमीयम प्रमुख मदनी ने यह दावा भी किया कि देश में पिछले कुछ वर्षों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं और सरकार तथा प्रशासन को जिस तरह कार्रवाई करनी चाहिए थी, नहीं की। उन्होंने कहा, इस तरह की घटनाओं के खिलाफ हम आवाज़ भी उठाएंगे और लड़ाई भी लड़ेंगे। अल्पसंख्यकों का आरएसएस और भाजपा से सिर्फ विचारधारा को लेकर मतभेद है, न कि मनभेद है।

### हिंदुत्व की गलत व्याख्या

जमीयत प्रमुख ने दावा किया, सबसे ज्यादा चिंता की बात हिंदुत्व की गलत व्याख्या है और समग्र राष्ट्रवाद की हमारी पुरानी विचारधारा के बीच वैचारिक टकराव पैदा करने की आक्रामक कोशिश है। हिंदुत्व के नाम पर जिस तरह से आक्रामक सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह इस देश की मिट्टी और खुशबू से मेल नहीं खाती है। उन्होंने कहा, हम साफ करना चाहते हैं कि हमारी आरएसएस और भाजपा से कोई धार्मिक या नस्लीय शत्रुता नहीं हैं, लेकिन हमें सिर्फ विचारधारा से ऐतराज़ है, जो समाज के विभिन्न वर्गों के बीच बराबरी और भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं।

**पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर कसा तंज और कहा...**

# 'जितना कीचड़ उछालोगे कमल उतना ही खिलेगा'

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अडाणी समूह से जुड़े मामलों पर विपक्षी दलों के आरोपों के बीच गुरुवार को कहा कि उनके ऊपर जितना कीचड़ उछाला जाएगा, कमल उतना ही खिलेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। 'कमल' केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनाव चिह्न है।

प्रधानमंत्री ने जैसे ही जवाब देना आरंभ किया वैसे ही कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य आसन के निकट आ गए और नारेबाजी करने लगे।

सदस्यों की नारेबाजी के बीच मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने महत्वपूर्ण सदन में कुछ लोगों का व्यवहार, कुछ लोगों की वाणी ना सिर्फ सदन को बल्कि देश को निराश करने वाली रही है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रवृत्ति के सदस्यों को मैं यही कहूंगा... 'कीचड़ उसके पास था, मेरे पास गुलाल। जो भी जिसके पास था, उसने दिया उछाल।'... अच्छा ही है। जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा।' मोदी ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि इसलिए कमल खिलाने में उनका भी प्रत्यक्ष व परोक्ष योगदान है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं उनका भी आभार व्यक्त करता हूं।



### 60 साल में 'कांग्रेस के परिवार' ने कर दिए गड्ढे ही गड्ढे



प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि कांग्रेस ने साठ सालों में देश में मजबूत बुनियाद रखी और मोदी उसका श्रेय ले रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब 2014 में वह देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्हें नजर आया कि 60 साल में 'कांग्रेस के परिवार' ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि उनका इरादा नेक होगा, लेकिन उन्होंने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए हैं। जब वह गड्ढे खोद रहे थे... छह-छह दशक बर्बाद कर दिए थे। उस समय दुनिया के छोटे-छोटे देश भी सफलता के शिखरों को छू रहे थे... आगे बढ़ रहे थे। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित किए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

### केंद्र और अडाणी समूह के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की सदस्यों ने वित्तीय अनियमितताओं और बाजार में हेराफेरी के आरोपों को लेकर केंद्र और अडाणी समूह के खिलाफ बृहस्पतिवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने मामले में जांच की मांग करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर लिखा था-'भारत कहता है, हमें भाजपा नहीं चाहिए', 'भाजपा भूख से परेशान आबादी पर कोई रहम नहीं करती, एलपीजी सिलेंडर 1,100 रुपए हो गया है' और 'प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र जनता से छीनो, अडाणी को दो'। कई प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान सिर पर काली पट्टी बांध रखी थी, जिन पर 'महंगाई मुक्त भारत' लिखा था। महिला कांग्रेस प्रमुख नीता डीसूजा ने कहा, 'हम इस मामले की तत्काल जांच चाहते हैं क्योंकि लोगों की गाढ़ी कमाई दांव पर है। हम इस सरकार से इस 'जुमलेबाजी' को खत्म करने का भी अनुरोध करते हैं। उन्हें इस मामले से देश का ध्यान भटकाना बंद कर देना चाहिए।' कांग्रेस ने सोमवार को देश के कई हिस्सों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) कार्यालयों के सामने जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए थे। 'हिंडनबर्ग रिसर्च' द्वारा अडाणी समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद समूह की कंपनियों के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई।




# कांग्रेस पार्टी ने मसौदा समिति व छह उप समूहों का किया गठन



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने इस महीने के आखिर में होने वाले पार्टी के पूर्ण अधिवेशन के लिए शनिवार को मसौदा समिति और छह अलग अलग विषयों पर उप समूहों का गठन किया। पार्टी ने शुक्रवार को विषय संबंधी समिति और संविधान संशोधन समिति का गठन किया था। कांग्रेस के अनुसार, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की अध्यक्षता में मसौदा समिति का गठन किया गया है। पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा इस समिति के संयोजक होंगे। समिति में 21 नेता बतौर सदस्य शामिल होंगे जिनमें पी चिदंबरम, मुकुल वासनिक, शशि थरूर, वीरप्पा मोइली और पृथ्वीराज चव्हाण प्रमुख हैं। यह समिति अधिवेशन में चर्चा के लिए आने वाले विभिन्न विषयों पर प्रस्तावों का मसौदा तैयार करेगी। पार्टी का 85वां पूर्ण अधिवेशन रायपुर में 24 से 26 फरवरी के बीच होगा।

### चिदंबरम आर्थिक मामलों के उप समूह के प्रमुख

पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम आर्थिक मामलों के उप समूह के प्रमुख होंगे तो प्रवक्ता गौरव वल्लभ इसके संयोजक होंगे। सिद्धरमैया और सचिन पायलट समेत 14 नेता इस समूह के सदस्य बनाए गए हैं। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद अंतरराष्ट्रीय मामलों संबंधी उप समूह के अध्यक्ष होंगे तो सांसद शशि थरूर इसके संयोजक होंगे। सैम पित्रोदा और आनंद शर्मा समेत 11 नेता इस समूह में बतौर सदस्य शामिल होंगे।हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा किसान एवं कृषि संबंधी उप समूह की अध्यक्षता करेंगे तो एन रघुवीरा रेड्डी इसके संयोजक होंगे। शक्ति सिंह गोहिल और नाना पटोल समेत 14 नेता इस उप समूह में बतौर सदस्य शामिल होंगे।

### मसौदा समिति

जयराम रमेश होंगे अध्यक्ष, चिदंबरम, मुकुल वासनिक, शशि थरूर, वीरप्पा मोइली और पृथ्वीराज चव्हाण समेत 21 अन्य नेता सदस्य

**राजा वडिंग रोजगार उप समूह के अध्यक्ष:** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग युवा, शिक्षा एवं रोजगार संबंधी उप समूह की अध्यक्षता करेंगे तो सांसद ज्योतिमणि इसकी संयोजक होंगी। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. समेत 16 नेता बतौर सदस्य इसमें शामिल होंगे।

**खरगे के निर्वाचन पर लगेगी मुहर:** खरगे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पार्टी का पूर्ण अधिवेशन होगा। इसमें उनके निर्वाचन पर औपचारिक रूप से मुहर लगेगी तथा नई कार्य समिति के गठन की शुरुआत होगी।

**ये होंगे अहम उप समूह:** कांग्रेस ने राजनीतिक मामले, आर्थिक मामले, अंतरराष्ट्रीय मामले, किसान एवं कृषि मामले, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मामले और युवा, शिक्षा एवं रोजगार मामले पर उप समूहों का गठन किया है। राजनीतिक मामले के उप समूह के अध्यक्ष मोइली होंगे तो इसके संयोजक महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण होंगे। अधीर रंजन चौधरी व कुमारी सैलजा सहित 20 नेता इस उप समूह के सदस्य होंगे।

**महाराष्ट्र के मंत्री बोले- गुजरात में कांग्रेस के शासन काल में अडाणी ने की तरक्की**

# कोई महज़ दाढ़ी बढ़ाकर नहीं बन सकता प्रधानमंत्री: मुनंगटीवार

एजेंसी
पुणे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में उद्योगपति गौतम अडाणी पर की गई टिप्पणी का हवाला देते हुए महाराष्ट्र के मंत्री सुधीर मुनंगटीवार ने गुरुवार को दावा किया कि गुजरात में कांग्रेस के शासन काल में अडाणी ने तरक्की की। उन्होंने कहा कि कोई महज दाढी बढ़ाकर प्रधानमंत्री नहीं बन सकता। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद अडाणी के औद्योगिक साम्राज्य में अभूतपूर्व प्रगति हुई और वह दुनिया के अमीरों की सूची में 609 वें नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उनकी इस टिप्पणी पर सत्ता पक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया जताई और कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्हें बेबुनियाद आरोप नहीं लगाने और अपने दावों को लेकर सबूत पेश करने को कहा था। मुनंगटीवार ने कहा कि मैं मानता हूं कि कोई दाढ़ी बढ़ा लेने भर से प्रधानमंत्री नहीं बन सकता है, व्यक्ति अपनी प्रतिभा का विस्तार कर प्रधानमंत्री बनता है। आज आप (गांधी) अडाणी की बात कर रहे हैं, लेकिन क्या आपको पता नहीं है कि अडाणी ने संपन्नता कब हासिल की? वन, संस्कृति मामले और मात्स्यिकी मंत्री मुनंगटीवार कस्बा पर्थ निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान के दौरान संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस क्षेत्र में 26 फरवरी को उपचुनाव है।



### कांग्रेस फैला रही है झूठ

मुनंगटीवार ने कहा कि 1993 में जब चिमनभाई पटेल (गुजरात के) मुख्यमंत्री थे , तब आप (कांग्रेस ही) ही थे, जिसने 10 पैसे प्रति वर्गमीटर की दर से जमीन दी थी। जब छबीलदास मेहता गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब मुंद्रा बंदरगाह का काम (अडाणी ग्रुप को) दिया गया था। उन्होंने कहा कि अडाणी विवाद में कांग्रेस की ओर से झूठ फैलाने की चेष्टा की जा रही है। जब उनसे शिवसेना के मुखपत्र में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले पर की गई टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि क्या शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा के महा विकास आघाड़ी में अशांति है जो अब सामने आने लगी है तो उन्होंने कहा कि उनके यहां क्या हो रहा है, उसके बारे में टिप्पणी करने की मुझे कोई जरूरत नजर नहीं आती है।

### राकांपा ने CM शिंदे के जन्मदिन पर 'खोखे' जैसा केक काटकर कसा तंज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का 59वां जन्मदिन मनाने के लिए ठाणे में 50 किलोग्राम का केक काटा गया, जबकि विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने इसे राजनीतिक रंग देते हुए 'खोखा' (एक करोड़ की राशि) जैसा केक काटा। पिछले साल जून में शिंदे और शिवसेना के 39 विधायकों ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत की थी और महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिरा दिया था, जिसके बाद शिंदे भारतीय जनता पार्टी की मदद से मुख्यमंत्री बने थे।

## वेलेंटाइन डे पर विशेष



## पीत बसंत है प्रीत, चाहत, आकर्षण और प्यार



● रामावतार कुमावत (RAS)

**प्रेम** और प्रीत का रङ्ग पीला और गुलाबी होता हैं।प्रेम जब पूर्णता भर दे तो आंखे बंद हो जाती हैं,तब उसका रंग पवित्र पीत हो जाता है। हल्दी, सरसो, गेंदा की तरह।तब प्रेमी अपने प्रिय का नाम सुन कर ही आनन्द में डूब जाता है और प्रेम जब उन्मत्त कर दे तो उसका रंग गुलाबी हो जाता है।तब प्रेमी मरीचिका में फंसे मृग की तरह दौड़ दौड़ कर प्रिय को ढूंढने लगता है।उसे पाने का हर जतन करने लगता है।

गुलाब का सौंदर्य चटक रंग,आंखें चुंधियाने वाला है। अपनी मोहक खुशबू को समेटे, लाल गाउन वाली हीरोइन, गुलाबी साड़ी वाली राजकुमारी जैसा सौन्दर्य में विशिष्टता लिए होता है। मेहरुनिशा का गुलाब, इश्क में डूबी शहजादियों का गुलाब,राजा महाराजाओं के बाग बगीचों में लगा हुआ गुलाब प्रेम का प्रतीक है।बसंत आगमन पर अपनी प्रेयसी का हाथ पकड़ कर खिली हुई सरसो के खेतों में घूमना,कुंज गुलाब भ्रमण करना,प्रेम इजहार के तरीके हैं।बालक के रूप में बसंत ऋतु के आगमन का इंतजार और बसंत पंचमी पर सरसों के फूलों से भरे खेत मनमोहक देखें।अब समझ में आया कि सरसों के फूलों का रंग प्रकृति के प्रेम का रंग है।सरसो के फूलों के पीतवर्ण में,प्रेम के साथ साथ एक पवित्र आभा और मादक मन मोहिनी खुशबू होती है।इसीलिए तब सरसो के फूलों पर मन चहक उठता।सरसो के फूलों से भरी प्रकृति,उस बान (तेल चढी) बैठी हुई,हल्दी से नहाई हुई लड़की की तरह लगती,जिसका लग्न चढ़ गया हो।अपनो के हाथ से हल्दी रंग कर भेजी बनड़ी और तीन दिन पहले ही विदा हो कर आई नई दुल्हन की तरह प्रकृति लगती है जो पीली चुंदरी पहने अपने आंगन में पायल की रुनझुन से सौभाग्य बिखेरती चलती है।

कहते हैं कि भारत में प्यार के मौसम का प्रतीक यह बसंत दो बार आता है। पहला फागुन मास में दूसरा श्रावण मास में।बसंत ऋतु में प्रकृति चारों ओर अपने खिले हुए पुष्पों सरसों के पीले फूलों से लदे हुए खेत अमलतास के सुर्ख लाल फूल चारों ओर फैला हुआ अल्हड़ पन एक मधुर संगीत और एक नए रोमांस प्रकृति और इंसान में लेकर आता है। श्रावण मास में प्रकृति स्वयं प्रेम रस मस्त होकर प्रेम स्निग्ध होकर स्नान करती है। प्रेम,आनंद और सृजन का प्रतीक है।प्रेम और आनंद,सृजन का बाई प्रोडक्ट है। सृजन सकारात्मक ऊर्जा से होता है जो प्रकृति के सामिप्य में स्थित है।

**ये बसंत की पीली सरसों**
**लगती बहुत प्रेम प्रतिरूप।**
**मैं आकाश हुआ, धरा ने**
**धर लिया दुल्हन जैसा रूप।।**

## इंदुशेखर देंगे फिजी में व्याख्यान

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** फिजी में होने वाले 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में कवि, साहित्यकार और आलोचक इंदुशेखर तत्पुरुष 'भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक संदर्भ और हिंदी' विषय पर व्याख्यान देंगे। विदेश मंत्रालय के उप निदेशक (राजभाषा) बिनोद कुमार के अनुसार 15 से 17 फरवरी तक नांदी (फिजी) में होने वाले सम्मेलन में तत्पुरुष को भारतीय प्रतिनिधि मण्डल में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। वे हिंदी साहित्यिक पत्रिका साहित्य परिक्रमा के संपादक हैं। इन्हें कविता संग्रह पीठ पर आंख पर पं. भवानी प्रसाद मिश्र कविता पुरस्कार मिल चुका है।



### राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के 'लेखक की बात' कार्यक्रम में जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार विनोद भारद्वाज बोले-

# लेखन के लिए अपनी भाषा विकसित करनी होगी

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार, चित्रकार और लेखक विनोद भारद्वाज ने लेखकों का आह्वान कर कहा कि उन्हें अपनी भाषा को विकसित करना होगा तभी अच्छे लेखक और साहित्यकार बन सकेंगे लेखन में बिना पढ़े कुछ हासिल नहीं होता ।

भारद्वाज गत रविवार को होटल जयपुर अशोक में राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के कार्यक्रम 'लेखक की बात' में फोरम के अध्यक्ष अनिल सक्सेना के सवालों का जवाब दे रहे थे । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तुलसीदास को भारतीय जनमानस से अलग नहीं कर सकते । तुलसीदास के बाद अगर कोई अन्य जनमानस पर छाया है तो वह है मशहूर शायर और लेखक मिर्ज़ा ग़ालिब । इस पर उन्हें पुस्तक लिखने में 8 वर्ष लगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान के बारे में मैं एक उपन्यास लिख रहा हूँ । जिस पर 250 पेज लिख चुका हूँ। उपन्यास इस तरह से लिखना चाहता हूँ जिसको पढ़ने में पाठक की रुचि बढ़े। एक अन्य सवाल के जवाब में भारद्वाज ने कहा कि गाँधी पर लिखने का मुझे खूब अवसर मिला और मैंने गाँधी को खूब पढ़ा। उन्होंने बताया कि गाँधी पर ख़ान अब्दुल गफ़्फ़ार ख़ान अमेरिकन राइटर हॉमर ने भी लिखा लेकिन गांधी पर चार्ली चैपलिन ने जो लिखा वह पढ़ा जाना चाहिए उन्होंने गाँधी से सवाल किया था कि आप मशीनों के विरोधी क्यों हैं ? तब गाँधी ने कहा था कि मैं ब्रिटिश एंपायर का विरोधी हूँ जिन्होंने मशीनों के जरिए हमें ग़ुलाम बनाया ।




**फोरम के अध्यक्ष अनिल सक्सेना के प्रश्न –**

लेखन के बाद आर्ट के लिए आप समय कैसे निकालते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि लेखन से जब उब जाता हूँ तो मैं स्केच, मेडिटेशन पर पेंटिंग बनाता हूँ पेंटिंग बनाते समय अमीर ख़ान साहब, पंडित भीमसेन जोशी और जसराज जैसे गायकों को सुनते हुए अपनी पेंटिंग्स बनाता हूँ कब पेंटिंग्स में सुरो की महक और मिठास घुल जाती है और मुझे पता नहीं चलता और पेंटिंग पूरी हो जाती है ।

उन्होंने पत्रकारिता के बारे में कहा लेखक पत्रकार को साहित्य से तो ताल्लुक रखना ही होगा तभी उनकी लेखनी में निखार आएगा और अच्छे शब्दों का चयन कर सकेंगे । कहा कि आज की पत्रकारिता में तकनीक बहुत आई है लेकिन वैल्यू सिस्टम कमजोर हुआ है। अभी तो पत्रकारिता में काफी बदलाव आना बाकी है ।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण छाबड़ा, मुख्यमंत्री के सलाहकार फ़ारुख़ आफ़रीदी, मशहूर शायर लोकेश कुमार सिंह 'साहिल', वरिष्ठ जनसंपर्क कर्मी लक्ष्मण बोलिया, पत्रकार दीपक गोस्वामी ने विनोद भारद्वाज के बारे में अपने विचार रखे प्रारंभ में डॉक्टर ममता जोशी ने वरिष्ठ पत्रकार लेखक विनोद भारद्वाज का परिचय दिया ।इस अवसर पर साहित्यकार, लेखक पत्रकार, कवि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन कवि किशोर पारीक ने किया तथा फोरम के वरिष्ट उपाध्यक्ष एवं प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्री राधारमण शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

### दीक्षांत समारोह: बजट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार पर साधा निशाना

# अनाज से फूस को अलग करने में सक्षम बनें युवा: वसुंधरा राजे

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** गहलोत सरकार के बजट पेश करने के बाद विपक्ष लगातार इसकी आलोचना कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने राज्य सरकार और बजट की घोषणाओं पर निशानासाधते हुए युवाओं को सतर्क और समझदार बनने को कहा। राजे ने युवाओं से अनाज से फूस को अलग करने जितनी समझ विकसित करने की बात कही। राजे ने कहा कि सरकार के लोकलुभावन वादों में न आएं और जनता के टैक्स का पैसे कहां-कहां खर्च हो रहा है, इसकी जानकारी रखें। राजे शनिवार को जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को सम्बोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा की यदि युवाओं की शक्ति का सदुपयोग किया जाए तो सरकारों को वास्तव में जवाबदेहबनाया जा सकता है। वसुंधरा ने केंद्रीय बजट को लेकर पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि इस वर्ष केंद्रीय बजट में शिक्षा का बजट 1.12 लाख करोड़ रुपए है, जो अब तक का सर्वाधिक और पिछले वर्ष की तुलना में 8% अधिक है। राजे ने अपने कायर्कालके बारे में बताते हुए कहा कि हमारी सरकार में राजस्थानस्कूली शिक्षा में नेशनल स्तर पर 24 स्थानों की छलांग लगाकर 26वें से दूसरे स्थान पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में चलाई गई योजनाओं से आम आदमी के जीवन में बदलाव आया है। भामाशाह टेक्नो हब, स्टेट डेटा सेंटर, अभय कमांड सेंटर, आजीविका मिशन,भामाशाह स्वास्थ्य बीमा जैसी योजनाओं ने लोगों को बड़ी राहत प्रदान की।



### हमारे लिए राजस्थान फर्स्ट था

राजस्थान में भाजपा सरकार के कार्यकाल को लेकर वसुंधरा ने कहा- एक उत्प्रेरक, एक त्वरक और एक इनक्यूबेटर के रूप में हमने काम किया। क्योंकि हमारे लिए यह राजस्थान फर्स्ट था। उन्होंने कहा कि ऑलवेज जवाबदेही, निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाले प्लेटफॉर्म होने के बावजूद आज राजस्थान में गैंगस्टर गोली मारकर भाग जाते हैं। भर्ती परीक्षाएं नौकरी चाहने वाले युवाओं के अवसर छीन लेती है। वहीं राजे युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट के महत्व की भी जानकारी दी। राजे ने युवाओं से राज्य, समाज और समुदाय के कल्याण के लिए वोट देने की अपील की।

### गर्ल्स को आपदा प्रबंधन के लिए किया जागरूक

# छात्राओं को अंतर संवाद से दी फायर फाइटिंग की ट्रेनिंग

हिलव्यू समाचार

जयपुर। छात्राओं को आपदा प्रबंधन के संदर्भ में जागरूक करने और भविष्य में किसी भी आपदा के लिए तैयार रहने के लिए वर्कशॉप का आयोजन कर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। मौका था कानोडिया कॉलेज में 3 दिवसीय वर्कशॉप कम सेमिनार का, जो भूगोल विभाग और सेफ्टी प्रोफेशनल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। डिजास्टर मैनेजमेंट प्रिपेरेडनेस एंड मिटिगेशन सब्जेक्ट पर हुए आयोजन में मुख्य अतिथि ए. के. सिंह नेशनल प्रेसिडेंट एसपीएआई ने युवाओं को मोटिवेट किया। शुरुआत में डॉ. नीलम बागेश्वरी (विभागाध्यक्ष) ने आपदा प्रबंधन विषय से संबंधित जानकारी दी और कार्यशाला के बारे में बताया।

स्वागत उद्बोधन में उप-प्राचार्य डॉ. दीप्तिमा शुक्ला (कला) ने कार्यशाला के आयोजन को वर्तमान समय में तर्कसंगत बताया। प्रोफेसर ए. के. सिंह ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और विषय से संबंधित व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने आपदा क्या होती है, कितने प्रकार की होती हैं और उसका प्रबंधन किस प्रकार किया जा सकता है आदि की जानकारी दी।

दूसरे दिन फर्स्ट एड एंड रेस्क्यू मेशर्स विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में विजय सिंह नरूका (ट्रेंनिंग इंस्ट्रक्टर- राजस्थान सरकार सेवानिवृत्त भारतीय नौसेना वरिष्ठ आयुक्त) ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अंतिम दिन संबंधित विषय विशेषज्ञ विजय सिंह ने फायर सेफ्टी और फायर फाइटिंग के विषय में छात्राओं को अंतर संवाद गतिविधियों के द्वारा ट्रेनिंग दी। साथ ही अग्निशमन के लिए (मॉक ड्रिल) कराई। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं का मनोबल बढ़ा। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों और छात्राओं की सहभागिता की प्रशंसा की। साथ ही भूगोल विभाग की पहल को उपयोगी बताया।



## डीडी राजस्थान पर 'स्वराज' का प्रसारण शनिवार और रविवार को भी




**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** डीडी नेशनल पर स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित सीरियल "स्वराज" का प्रसारण 14 अगस्त 2022 से किया जा रहा है। डीडी राजस्थान के कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मण दास व्यास ने बताया कि "स्वराज" कार्यक्रम को बिंज वॉच मोड में अब शनिवार और रविवार को भी दोपहर 1 बजे प्रसारित किया जाएगा। स्वराज के एपिसोड संख्या 1 से 6 तक का प्रसारण 11 और 12 फरवरी को किया गया। एपिसोड संख्या 7 से 9 तक का प्रसारण 18 फरवरी को, एपिसोड संख्या 10 से 12 तक का प्रसारण 19 फरवरी को, एपिसोड संख्या 13 से 15 तक का प्रसारण 25 को, एपिसोड संख्या 16 से प्रसारण 26 फरवरी को, एपिसोड संख्या 19 से प्रसारण 4 मार्च को और एपिसोड संख्या 22 से प्रसारण 5 मार्च को डीडी नेशनल पर दोपहर 1 बजे किया जाएगा।

### जवाहर कला केंद्र में चार दिवसीय डेल्फिक खेलों का समापन

# पेंटिंग्स के माध्यम से कला-संस्कृति सहित ज्वलंत मुद्दों को किया प्रदर्शित

हिलव्यू समाचार

जयपुर। डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से चार दिवसीय डेल्फिक खेल के अंतिम दिन जवाहर कला केंद्र में आयोजित आर्ट कैंप में पेंटिंग्स एवं इंस्टॉलेशन करने वाले युवा कलाकारों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आर्ट कैंप में संचालक शुभंकर विश्वास के मार्गदर्शन में 23 युवा कलाकारों ने पेंटिंग्स इंस्टॉलेशन के माध्यम से मन के भावों को प्रदर्शित किया। आर्ट कैंप में युवा कलाकारों ने कला संस्कृति एवं ज्वलंत मुद्दों को पेंटिंग्स के माध्यम से प्रदर्शित किया।



### युवा कलाकारों को आगे बढ़ाने मंच

राजस्थान डेल्फिक काउंसिल की अध्यक्ष एवं प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि डेल्फिक का मंच युवा कलाकारों को आगे बढ़ाने का है। कलाकारों ने बेहतरीन पेंटिंग्स द्वारा अपनी कला को बखूबी प्रदर्शित किया है। इस आर्ट कैंप में प्राचीन सभ्यता, दर्शन, धर्म, अध्यात्म, राजस्थानी परिवेश, स्थापत्य कला सहित अन्य विषयों और मनोभावों को पेंटिंग्स के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कैंप में दीपांजलि ने संस्कृति का आधार, देविका ने राजस्थानी पुरुष के भाव, नाथूलाल ने हॉर्स, उर्मिला ने राजस्थानी मेला में ग्रामीण पुरुष, संत कुमार ने कृष्ण को पंचतत्व में समाहित, राकेश प्रजापति ने अवलिकोतेश्वर की पेंटिंग्स बनाकर संदेश प्रस्तुत किए। इस कैम्प में युवा कलाकार मानसी,पंखुड़ी एवं सूर्य कविता ने नए सुकून की उम्मीद लेते हुए क्राफ्ट ट्री, रतिका प्रेरणा एवं सानिध्य ने शहरीकरण के प्रभाव आदि थीम पर संदेश दिए।


## वधु चाहिए



**26 वर्ष,बीए एलएलबी,एलएलएम अध्ययनरत न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे इकलौते पुत्र हेतु स्वजातीय, सुशील, संस्कारी, सुयोग्य, समकक्ष, लॉ ग्रेजुएट वधु चाहिए। वर की पूर्व में कोई सगाई या शादी नहीं। मांगलिक दोष नहीं। पिता सरकारी सेवा में कार्यरत। माता गृहणी, गौत्र- पिता बुटोलिया, माता सोलंकी, दादी चावला, नानी चंदेल।**

**शीघ्र विवाह हेतु सम्पर्क करें-**
**Mob. 9414054148**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)